दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



तेरे इश्क में समेत .......



संगीत को समझना है तो .....

वर्ष : 11 | अंक : 323 | लखनऊ, 14 नवम्बर, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में 27 लाख इनामी 6 माओवादी ढेर



बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने नेशनल पार्क क्षेत्र के घने जंगलों में बड़ी कार्रवाई की है। खुफिया सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। गोलीबारी में 6 कुख्यात माओवादी मारे गए। इन पर 27 लाख रुपए का इनाम था।

### राजभवन के पास पेट्रोल हमले के आरोपी को जेल



चेन्नई। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने राजभवन गेट के बाहर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में आरोपी करुक्का विनोद को 10 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। यह घटना 25 अक्टूबर 2023 की है, जब आरोपी ने राजभवन के गेट नंबर 1 के पास दो पेट्रोल बम फेंके थे।

### भूपेश के बेटे की 61.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई है।

## बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

शीर्ष न्यायालय ने सिब्बल से कहा

# स्थिति बहुत गंभीर है! अभी मत आइए अदालत, मास्क को बताया 'अपर्याप्त'

**कोर्ट ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के बजाए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंद्रूकर की पीठ ने यह टिप्पणी की**

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने न केवल गंभीर चिंता जताई है बल्कि एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि स्थिति 'बहुत गंभीर' है। इसके साथ ही कोर्ट ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंद्रूकर की पीठ ने गुरुवार को यह टिप्पणी की। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि स्थिति बहुत गंभीर है! आप सभी यहां क्यों उपस्थित हैं? हमारे पास वर्चुअल सुनवाई की सुविधा है। कृपया इसका लाभ उठाएं। यह प्रदूषण स्थायी नुकसान पहुंचाएगा। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि हम मास्क का उपयोग कर रहे हैं। इस पर जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि मास्क भी पर्याप्त नहीं हैं। यह पर्याप्त नहीं होगा। हम मुख्य न्यायाधीश से भी इस बारे में बात करेंगे।

## सुनवाई के लिए अदालत ने कहा- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं

### दिल्ली में तीसरे दिन भी एक्यूआई गंभीर श्रेणी में

यहां वायु गुणवत्ता नहीं सुधरी



सुप्रीम कोर्ट

राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को भी दिन में घना कोहरा छाया रहा और वायु गुणवत्ता लगातार तीसरे दिन 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गयी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ओर से जारी सुबह के वायु गुणवत्ता बुलेटिन में एक्यूआई 404 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के मुताबिक, 37 निगरानी केंद्रों में से 27 ने एक्यूआई का स्तर 'गंभीर' श्रेणी में बताया, जिनमें बुराड़ी (433), चांदनी चौक (455), आनंद विहार (431), मुंडका (438), पूसा (302), बवाना (460) और वजीरपुर (452) शामिल हैं।

### सीजेआई की बेंच कर रही सुनवाई

एक दिन पहले ही यानी बुधवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से उनके राज्यों में पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए की गई कार्रवाई के बारे में रिपोर्ट तलब की है। पराली जलाना दिल्ली और गंगा के मैदानी इलाकों के अन्य राज्यों में वायु प्रदूषण को बढ़ाने वाले कारकों में से एक है।

### वायु प्रदूषण से ये परेशानी होगी

दरअसल, 'गंभीर' एक्यूआई स्वस्थ व्यक्तियों के लिए भी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है और सांस या हृदय संबंधी समस्याओं वाले लोगों को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। राजधानी और आसपास के शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वायु प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि इमारतें और सड़कें मुश्किल से दिखाई दे रही हैं।

### ईवी वाहनों को बढ़ावा देने दिया सुझाव

## लग्जरी पेट्रोल-डीजल गाड़ियों पर चरणबद्ध तरीके से लगे बैन

सुप्रीम कोर्ट ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक अहम सुझाव देते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल से चलने वाली लग्जरी गाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से बंद करने पर विचार किया जा सकता है।



अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने कोर्ट को बताया कि सरकार भी इस विचार से सहमत है। सरकार इस दिशा में अग्रसर है। इस प्रोजेक्ट से 13 मंत्रालय सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह सुझाव दिया। इस याचिका में सरकार की ईवी को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की गई है।

### यहां पहले महंगी गाड़ियों पर बैन से शुरुआत संभव

जस्टिस सूर्य कांत ने कहा कि अब बाजार में बड़े और उच्चस्तरीय इलेक्ट्रिक वाहन भी उपलब्ध हैं, इसलिए शुरुआत उच्च श्रेणी के पेट्रोल/डीजल वाहनों पर प्रतिबंध से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अब इलेक्ट्रिक वाहनों में भी बड़े और आरामदायक मॉडल आ गए हैं तो क्यों न पहले बहुत महंगी गाड़ियों पर रोक लगाई जाए? इससे आम आदमी प्रभावित नहीं होगा क्योंकि ऐसी गाड़ियां केवल बहुत कम लोग खरीद सकते हैं।

### यूआईडीएआई ने ईसीआई को जानकारी

## पश्चिम बंगाल में 34 लाख आधार कार्ड धारक 'मृत' मिले

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



पश्चिम बंगाल में आधार पहचान प्रणाली की शुरुआत के बाद से अब तक करीब 34 लाख आधार कार्ड धारक 'मृत' पाए गए हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने यह जानकारी निर्वाचन आयोग को दी है। यूआईडीएआई ने बताया कि राज्य में लगभग 13 लाख ऐसे लोग भी थे जिनके पास आधार कार्ड नहीं था, लेकिन अब उनकी मृत्यु हो चुकी है। यह जानकारी बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल और यूआईडीएआई अधिकारियों की बैठक में साझा की गई। बैठक मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत हुई, जिसका उद्देश्य मृत, फर्जी और दोहराए गए मतदाताओं की पहचान कर मतदाता सूची को शुद्ध करना है। आयोग ने निर्देश दिया है कि यदि किसी आवेदक का नाम ऐसे व्यक्ति के साथ जुड़ा पाया गया जो आधार डाटाबेस से हटाया जा चुका है, तो संबंधित अधिकारी उसे सत्यापन के लिए बुला सकता है। मतदान अधिकारियों ने बताया कि चूंकि अधिकांश आधार बैंक खातों से जुड़े हैं, इसलिए बैंकों से भी उन खातों की जानकारी ली जा रही है जिनमें वर्षों से केवाईसी अपडेट नहीं हुआ, ताकि मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जा सकें।

### एसआईआर का दूसरा चरण

## देश के 12 राज्यों में 37 करोड़ वोटरों ने लिया प्रपत्र

देश के 12 राज्यों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में एक और रिकॉर्ड आयोग ने अपने नाम किया है। इसके



तहत 12 नवंबर तक 37 करोड़ मतदाताओं को गणना प्रपत्र- ईएफ वितरित किए गए हैं। आयोग ने कहा कि कोई वैध मतदाता छूटे न और अवैध मतदाता जुड़े न इस भावना के साथ आयोग काम कर रहा है। यद्यपि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्य इसका विरोध कर रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक अब तक 50.69 करोड़ ईएफ मुद्रित किए गए हैं। इस तरह से मुद्रण का काम 99.41 फीसदी पूरा हो गया है। इसमें से 72.66 प्रतिशत 37.05 करोड़ वितरित किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरु किया है।

### कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला

## आरएसएस को दी चित्तापुर में मार्च निकालने की इजाजत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को आरएसएस को चित्तापुर में मार्च निकालने की इजाजत दे दी। हाईकोर्ट ने आरएसएस के कलबुर्गी के संयोजक की एक याचिका पर ये फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने आगामी 16 नवंबर को 300 लोगों और 50 सदस्यीय बैंड के साथ मार्च निकालने की अनुमति दी। जस्टिस एमजीएस कमल ने यह दर्ज किया कि चित्तापुर के तहसीलदार की ओर से कुछ शर्तों के साथ मार्च निकालने के लिए अनुमति पहले ही दी जा चुकी थी। बीते हफ्ते राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया था कि वह याचिकाकर्ता के प्रस्ताव पर सकारात्मक रूप से विचार करेगा। कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने इस आदेश पर कहा कि सरकार ने हाईकोर्ट में आरएसएस को मार्च निकालने की इजाजत दी। आरएसएस ने सरकार से कोई अनुमति नहीं मांगी थी।

### कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय ने बीज बिल सार्वजनिक किया

## सरकार ने मांगे सुझाव, किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाएंगे

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा- बजट सत्र में पेश करेंगे**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय ने बीज विधेयक, 2025 को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार हितधारक 11 दिसंबर तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में संकेत दिया था कि मंत्रालय संसद के बजट सत्र के दौरान नया बीज कानून पेश करेगा। बयान में कहा गया है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिसने मंत्रालय के अंतर्गत मसौदा तैयार किया है, ने विधेयक के अंतिम संस्करण को आकार देने में हितधारकों की भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया है।

### यह आधुनिक कृषि और बाजार जरूरतों के अनुरूप बनाने पर जोर



शिवराज सिंह चौहान

प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य बीज अधिनियम, 1966 और बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983 को बदलकर बीज नियमन को आधुनिक कृषि और बाजार जरूरतों के अनुरूप बनाना है। नया विधेयक बीज गुणवत्ता को नियंत्रित करने, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने, नकली उत्पादों पर रोक लगाने वाला है।

**छोटे अपराध क्षम्य करने का प्रस्ताव**

विधेयक में अनुपालन बोझ को कम करने के लिए छोटे अपराधों को गैर-अपराधीकरण करने का प्रस्ताव है। वहीं गंभीर उल्लंघनों के लिए कठोर दंड बरकरार रखा गया है, यह कारोबार सुगमता पहल के अनुरूप है।

### बीज विधेयक 2025 ड्राफ्ट के मुख्य प्रावधान

- सभी प्रकार के बीजों का पंजीकरण बिक्री से पहले अनिवार्य है।
- बीज उत्पादकों को बाजार में बिकने वाले बीजों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करनी होगी।
- मानदंडों के पालन के लिए अधिकृत एजेंसियों द्वारा बीज सर्टिफिकेशन उपलब्ध कराए जाएंगे।
- बीजों की उचित लेबलिंग अनिवार्य है। इसमें वैरायटी, स्रोत, गुणवत्ता और अंकुरण दर बताना होगा।
- गलत विवरण या निम्न गुणवत्ता वाले बीजों की बिक्री पर कानूनी कार्रवाई एवं दंड का प्रविधान है।
- बीज परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी जो गुणवत्ता की जांच और विवाद निपटारे में सहायता करेंगी।
- बीजों का आयात नियमों के अनुसार ही हो सकेगा, ताकि खराब क्वालिटी के बीज न आ सकें।

### युद्धाभ्यास 'अखंड प्रहार'

# जैसलमेर के रेगिस्तान में सैन्य क्षमता का जबरदस्त प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय सेना ने जैसलमेर के रेगिस्तानी इलाके में जबरदस्त सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया है। यहां ड्रोन, मानवरहित प्रणालियां, एंटी-ड्रोन सिस्टम तथा इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर ग्रिड का प्रदर्शन किया गया। भारत में बने ये स्वदेशी हथियार व प्रौद्योगिकी 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना को सशक्त बनाते हैं। यहां 'एक्सरसाइज अखंड प्रहार' के अंतर्गत कोणार्क कोर की पूर्ण स्पेक्ट्रम युद्ध क्षमता का सफल परीक्षण किया गया।

इसमें थलसेना की विभिन्न शाखाओं और सेवाओं का समन्वित संचालन शामिल था। इसमें मैकेनाइज्ड और इन्फैंट्री युद्धाभ्यास, 'रुद्र ब्रिगेड' द्वारा भूमि अभियानों का निष्पादन, स्पेशल हेलिबोर्न ऑपरेशन्स तथा आर्मी एविएशन के अटैक हेलीकॉप्टर मिशनों का समन्वय किया गया। इस दौरान भारतीय थलसेना और भारतीय वायुसेना के बीच निर्बाध तालमेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को भी मिला। सेना अब और तेज गति वाले अभियानों के लिए तैयार है।

*एक्सरसाइज अखंड प्रहार के अंतर्गत कोणार्क कोर की पूर्ण स्पेक्ट्रम युद्ध क्षमता का सफल परीक्षण किया गया। इसमें थलसेना की विभिन्न शाखाओं और सेवाओं का समन्वित संचालन शामिल था*

> भारतीय थलसेना और वायुसेना के बीच बेहतर तालमेल दिखा

> स्वदेशी ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम का उपयोग किया



दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ कोणार्क कोर की पूर्ण स्पेक्ट्रम युद्ध क्षमता का निरीक्षण करते हुए

### कोणार्क कोर की तैयारियों की समीक्षा की



जनरल धीरज सेठ जवानों से चर्चा करते हुए

दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएम, एवीएसएम, ने त्रिसेवा अभ्यास के भाग के रूप में रेगिस्तानी क्षेत्र में आयोजित युद्धाभ्यास अखंड प्रहार के दौरान कोणार्क कोर की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। यह अभ्यास दक्षिणी कमान की साझेदारी, तकनीकी आत्मसात और परिचालन उत्कृष्टता की भावना को मूर्त रूप देता है।

**भारत-अमेरिका वायु सेनाओं ने दिखाया दम**

## संयुक्त अभ्यास में तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन



अमेरिका का बी-1बी लांसर सुपरसॉनिक बमवर्षक विमान

भारतीय वायुसेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेना के बीच चल रहा 4 दिवसीय संयुक्त युद्धाभ्यास गुरुवार को संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य वायु सेनाओं के बीच आपसी समझ, सामरिक सहयोग और अंतर संचालन क्षमता को बढ़ाना है। अभ्यास में अमेरिकी वायुसेना ने अपने अत्याधुनिक बी-1बी लांसर सुपरसॉनिक बमवर्षक विमान के साथ भाग लिया है। बी-1बी लांसर अपनी लंबी दूरी की प्रहार क्षमता और सटीक टारगेट तकनीक के लिए प्रसिद्ध है। भारतीय वायुसेना की ओर से यहां विभिन्न अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, परिवहन विमान और वायु रक्षा प्रणालियों ने हिस्सा लिया है। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं ने एक साथ कई जटिल युद्ध परिदृश्यों पर कार्य किया है। इनमें एयर डिफेंस ऑपरेशन, स्ट्राइक मिशन, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, हवा में ईंधन भरना और संयुक्त मिशन योजना शामिल रही। इस दौरान पायलटों और तकनीकी दलों ने एक-दूसरे की रणनीतियों, तकनीकों और संचालन प्रक्रियाओं से महत्वपूर्ण अनुभव साझा किया।

**स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया**

भारतीय सेना ने बताया कि यहां वायुसेना के लड़ाकू जमीनी हमले अभियानों के माध्यम से भारतीय वायुसेना के साथ सहज तालमेल का प्रदर्शन किया गया। इस अभ्यास में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण किया गया। 'अखंड प्रहार' अभ्यास ने कोणार्क कोर की आधुनिक, फुर्तीली और नेटवर्क-सक्षम क्षमता को उजागर किया है।

## संक्षेप

### इंस्टाग्राम के जरिए एडमिशन दिलाने के नाम पर महिला से चार लाख की ठगी

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना निवासी महिला के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता प्रियंका त्रिपाठी, पत्नी नीरज मणि त्रिपाठी, फ्लैट नंबर-304, जोडियक अपार्टमेंट, सेक्टर-2बी, वृंदावन योजना में रहती हैं। प्रियंका ने बताया कि उन्हें इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म के माध्यम से कैम्पस कनेक्ट नायक संस्था की रितु जैन नामक महिला ने कॉल किया। उसने दक्षिण इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश दिलाने का झांसा देकर चार लाख की राशि खाते से ट्रांसफर करा ली। राशि भेजने के बाद जब पीड़िता ने संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपी का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम सेल में दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### एल्डिको-2 कॉलोनी में चोरी, पूजा घर से तिजोरी उठा ले गए चोर

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र में एल्डिको-2 कॉलोनी में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, निवासी मुकेश बहादुर सिंह के घर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 2:30 बजे अज्ञात चोर घुस आए और पूजा घर में रखी तिजोरी उठा ले गए। बताया जा रहा है कि तिजोरी में भगवान के आभूषण और प्रतिदिन चढ़ाए जाने वाले रुपये रखे थे। पीड़ित की पत्नी पिछले दो वर्षों से प्रतिदिन भगवान को रुपये चढ़ा रही थीं। सुबह उठने पर तिजोरी गायब देख परिवार के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जल्द ही आरोपियों का सुराग मिल जाएगा।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में सरोजनीनगर बनेगा संस्कृति, कला और युवा ऊर्जा का संगम

● सरोजनीनगर में छाएगा हनी सिंह का रंग – डॉ. राजेश्वर सिंह जी के आमंत्रण पर करेंगे लाइव शो

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के संरक्षण में आयोजित होगा युवा उत्सव और हनी सिंह करेंगे लाइव शो

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्मृति उपवन, आशियाना में 19 नवम्बर से लेकर 25 दिसम्बर 2025 तक भव्य 'हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के युवा सशक्तिकरण एवं स्थानीय कला-संस्कृति संवर्द्धन के दृष्टिकोण से प्रेरित है। इस महोत्सव में देश के 28 राज्यों की विविध हस्तशिल्प कलाओं का प्रदर्शन, पारंपरिक लजीज व्यंजन, देशी-विदेशी झूले, विशाल सांस्कृतिक मंच, और प्रतिदिन आयोजित होने वाले भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे। हस्तशिल्प महोत्सव के आयोजक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को भारतीय कला-संस्कृति से जोड़ना, स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाना और उत्तर प्रदेश को सांस्कृतिक राजधानी के रूप में प्रस्तुत करना है।

**22 नवम्बर 2025 – युवा ऊर्जा का उत्सव :**

हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का सबसे विशेष आकर्षण होगा 22



नवम्बर 2025 को देश के प्रसिद्ध युवा आइकन एवं गायक यो यो हनी सिंह जी का विशेष प्रदर्शन, जो विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आमंत्रण पर लखनऊ आ रहे हैं। यह एक निःशुल्क सार्वजनिक कार्यक्रम है, जिसमें किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि हनी सिंह युवाओं और उत्तर प्रदेश की उन्नति के प्रति अपनी भावनाएँ व्यक्त करने हेतु इस कार्यक्रम में 'Pro-Bono' (निःशुल्क) रूप से भाग लेंगे। आयोजक मंडल के अनुसार, इस दिन लगभग 20,000 से अधिक युवाओं की उपस्थिति की संभावना है।

**हनी सिंह – एक वापसी जो प्रेरित करती है :**

सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने कहा, यो यो हनी सिंह सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और पुनर्जागरण का प्रतीक हैं। उनकी जीवन-यात्रा यह सिखाती है कि असली ताकत गिरने में नहीं, बल्कि हर बार उठ खड़े होने में है। ऐसे कलाकार युवाओं को अपने भीतर के साहस और क्षमता को पहचानने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि "Inspiration through Art" का प्रतीक है, जहाँ संगीत, संस्कृति और स्वदेशी हस्तशिल्प का संगम एक नई ऊर्जा और उद्देश्य के साथ युवाओं को जोड़ता है।

**सांस्कृतिक गौरव का उत्सव :**

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन देशभर से आए कलाकारों द्वारा लोकनृत्य, शास्त्रीय संगीत, लोककला, और पारंपरिक प्रदर्शनियाँ आयोजित की जाएँगी। साथ ही स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री का अवसर भी मिलेगा, जिससे वोकल फॉर लोकल की भावना को बल मिलेगा। संरक्षक के रूप में डॉ. राजेश्वर सिंह जी की दृष्टि : सरोजनी नगर विधानसभा को मैं केवल विकास परियोजनाओं के लिए नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण के केंद्र के रूप में देखना चाहता हूँ। हमारा उद्देश्य है कि यहाँ का हर युवा अपने हुनर, अपने आत्मविश्वास और अपनी संस्कृति पर गर्व करे।

# 22 सूत्रीय योजना से विकसित होगी यूपी की खेती

**उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार करेगी काम**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। वर्ष 2047 में उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य में योगदान के लिए कृषि विभाग 22 सूत्रीय योजना पर काम करने जा रहा है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को इन 22 संकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में लागत घटाने, उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए विभिन्न स्तरों पर काम होगा। सके साथ ही वर्ष 2047 तक अकेले कृषि से जुड़ी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने के लिए विजन डाक्यूमेंट बनाया जा रहा है। इसके लिए 17 नवंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में जन संवाद एवं विचार मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में 300 कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, प्रगतिशील कृषक और अधिकारी शामिल होंगे। नीति आयोग, भारत सरकार से परामर्श लेकर कृषि क्षेत्र का दीर्घकालिक विजन डाक्यूमेंट-2047 तैयार किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की कृषि उत्पादन क्षमता, निर्यात, प्रसंस्करण और रोजगार सृजन को केंद्र में रखा जाएगा। कृषि भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने सभी विभागों के लिए दीर्घकालिक योजनाएं तैयार की हैं। कृषि विभाग ने भी कार्ययोजना तैयार की है, जिसका उद्देश्य प्रदेश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और टिकाऊ कृषि अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है। विभाग वर्ष 2047 तक फसल सघनता को 182 प्रतिशत से बढ़ाकर 250 प्रतिशत तक ले जाना, धान, गेहूं, मक्का, दलहन और तिलहन की उत्पादकता में अभूतपूर्व वृद्धि करना, मृदा जीवांश कार्बन स्तर को 0.3 से 1.0 तक बढ़ाना, 30 लाख हेक्टेयर बंजर व ऊसर भूमि को कृषि योग्य बनाना, कृषि मशीनीकरण को 75 प्रतिशत तक पहुंचाना, गन्ने की सहफसली खेती को बढ़ावा देना, पांच बीज पार्कों की स्थापना करना आदि संकल्प पूरे करेगा।

# वृद्धावस्था पेंशन योजना को आसान बनाएगी योगी सरकार

## कैबिनेट बैठक में इन बड़े प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकभवन में 11 बजे कैबिनेट की बैठक होगी, जिसमें 15 से अधिक प्रस्ताव रखे जाएंगे। इनमें वृद्धावस्था पेंशन में सरकार बदलाव करने जा रही है। पेंशन की प्रक्रिया को आसान बनाते हुए फैमिली आइडी 'एक परिवार एक पहचान' से जोड़ा जा रहा है। इस संशोधन के बाद पेंशन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

सरकार पेंशन की धनराशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपये करने पर भी विचार कर सकती है। प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्लेज योजना में संशोधन का प्रस्ताव भी कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा।

कैबिनेट में अशोक लीलैंड को लखनऊ में प्लांट लगाने के लिए अधिक भूमि देने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दी जा सकती है। अभी उसे 70 एकड़ भूमि दी गई है। इसके अलावा जेपी को भूमि के बदले दी गई धरोहर राशि को वापस करने संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिल सकती है। गन्ना मूल्य बढ़ाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिल सकती है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने गन्ना मूल्य 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने की घोषणा की थी। अब इसका प्रस्ताव शुक्रवार की कैबिनेट बैठक में आ सकता है।

**मिल सकती है विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति**

उच्च शिक्षा विभाग के शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल सकती है। राजस्व विभाग में कानूनगो के चपरासी (चैन मैन) को अब लेखपाल के पद पर पदोन्नति दी जाएगी। लेखपाल के पदों में दो प्रतिशत पद चैन मैन से पदोन्नति के लिए रखे जाएंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश लेखपाल सेवा नियमावली (पंचम संशोधन) 2025 का प्रस्ताव कैबिनेट में रखा जाएगा। इसके अलावा दस वर्ष तक की अवधि के किराएदारी पट्टे पर स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन में छूट देने का प्रस्ताव है। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के गठन का प्रस्ताव भी शुक्रवार को आ सकता है। विभाग में अभी तक निदेशालय नहीं हैं, जबकि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में करोड़ों रुपये का निवेश हो रहा है। निदेशालय के गठन से निवेश प्रस्तावों की जल्द स्वीकृति मिलने का रास्ता साफ होगा। इसमें आइएएस अधिकारी को निदेशक बनाया जा सकता है। प्रदेश के न्यायिक सेवा, उच्चतर न्यायिक सेवा के अधिकारियों को कार खरीदने के लिए सरकार की ओर से आसान शर्त पर कर्ज देने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल सकती है।

**आ सकता है संशोधन का प्रस्ताव**

उत्तर प्रदेश अभियंता सेवा (पीडब्ल्यूडी) (उच्चतर) नियमावली 1990 के नियम 4,5,8 और 13 में संशोधन का प्रस्ताव आ सकता है। राज्य संपत्ति विभाग की ओर से नीलाम किए गए 14 वाहनों की जगह 14 नए वाहन खरीदे जाने का प्रस्ताव है। ग्रेटर नोएडा से बलिया तक आठ लेन एक्सप्रेसवे परियोजना का कार्य अब उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के जरिये किया जाएगा। कैबिनेट में इसके लिए वर्ष 2008 और 2011 में जारी कंसेशन एग्रीमेंट को समाप्त किया जाएगा। आबकारी विभाग का पेय प्रयोजनार्थ एक्सट्रा न्यूट्रल अल्कोहल पर विशेष परमिट फीस लगाने का प्रस्ताव भी आने की उम्मीद है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपर निजी सचिव के 156 पदों का निजी सचिव ग्रेड 1 के पदों पर किए गए उच्चीकरण एवं निजी सचिव संवर्ग के 446 पदों में विभाजन का प्रस्ताव भी आने की उम्मीद है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान योजना के तहत किसानों के खेतों में सोलर पंप की स्थापना के लिए 2024-25 के बकाया लक्ष्यों और 2025-26 की कार्ययोजना को स्वीकृति दी जा सकती है। त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन 2019-20 को विधानमंडल में पेश करने का प्रस्ताव है।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर, 15 लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार रात दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर फिर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले, जिसमें करीब 15 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी काफी देर तक पथराव होता रहा। गंभीर रूप से घायल एक पक्ष के पांच लोग लोक बंधु अस्पताल में, जबकि दूसरे पक्ष के पांच लोग केजीएमयू में इलाज करा रहे हैं। वहीं अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बंथरा में अंबेडकर नगर वार्ड स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर के पास रहने वाले राजकुमार और कल्लू के बीच लंबे समय से रंजिश चल रही है। कल्लू के मुताबिक बुधवार रात करीब आठ बजे राजकुमार के घर के बाहर दर्जनभर लोग बैठे थे। इसी दौरान कल्लू ने हमले की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। कल्लू का आरोप है कि सूचना की भनक लगते ही राजकुमार, उसके बेटे सम्राट, अनुराग, राहुल, दामाद छोटू, मोनू, दीपू, आशु, अर्जुन, आशीष, अभयरतन समेत कई लोगों ने उसके परिवार पर लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से हमला कर दिया। जिससे कल्लू, युवराज, अंकित राज, अमन, खुशबू, रेखा, अर्जुन और रविराज घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की राजनंदनी ने आरोप लगाया कि कल्लू पक्ष के अर्जुन चौधरी, युवराज उर्फ बंटी, अमन उर्फ अमर, सोनू, मयंक, खुशबू, सुहानी, प्रिया, रेखा, गया प्रसाद, रंजीत और आकाश सहित करीब दो दर्जन लोगों ने राजकुमार, हर्ष, अनुराग, आशु, सर्वेश उर्फ अंकुश, राजनंदनी की मां पीयूष और बुआ पर धारदार हथियारों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। सूचना मिलते ही बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची और एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवराज, अंकित, सूरज, अर्जुन और अमन को लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि राजकुमार, हर्ष, अनुराग, आशू और पीयूष का केजीएमयू में इलाज जारी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मंगलवार को भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से दोबारा मारपीट हो गई। उधर बंथरा थाना प्रभारी ने बताया कि राजनंदनी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दूसरे पक्ष से तहरीर मिलने पर उसकी भी रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ शांति भंग की धारा 151 में कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दी है। बंथरा थाने के उपनिरीक्षक श्याम जी मिश्रा ने भी करीब 40झ50 अज्ञात लोगों पर पुलिस से अभद्रता, पथराव और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कराया है। गुरुवार को पुलिस ने जांच के बाद एक पक्ष के अंकित, सर्वेश, रामप्रकाश, अखिलेश और दूसरे पक्ष के तुलसीराम, अर्जुन गौतम, युवराज गौतम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# चौकी इंचार्ज के स्थानांतरण पर सी भावुक विदाई समारोह हुआ आयोजित

**क्षेत्रवासियों, थाना स्टाफ और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें फूलमालाओं से लादकर सम्मानपूर्वक दी विदाई**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हरौनी पुलिस चौकी में गुरुवार को चौकी इंचार्ज अर्जुन राजपूत के स्थानांतरण पर भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रवासियों, थाना स्टाफ और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें फूलमालाओं से लादकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह के दौरान नवनियुक्त चौकी इंचार्ज श्यामजी मिश्रा ने हरौनी पुलिस चौकी पर पदभार संभाला। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने अर्जुन राजपूत की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगा और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा का माहौल बना रहा। उनके सहयोगी स्वभाव और निष्पक्ष कार्यशैली के कारण जनता में उनके प्रति विशेष लगाव रहा। कार्यक्रम में बंथरा थाना प्रभारी राणा राजेश सिंह समेत चौकी के समस्त पुलिस कर्मियों ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। विदाई के दौरान भावुक होते हुए अर्जुन राजपूत ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि दोपहिया वाहन चालक हमेशा हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं, जिससे दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। समारोह में हरौनी प्रधान प्रतिनिधि समरसेन सिंह शेरा, नीरज रावत, मोहम्मद इरफान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मोहनलालगंज में समाजसेवी पर हमला, फायरिंग कर भागे हमलावर.....

**कई किलोमीटर तक पीछा कर स्कॉर्पियो में टक्कर मारने की कोशिश, पुलिस ने शुरू की जांच......**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। रायबरेली हाईवे पर गुरुवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया जब कार सवार हमलावरों ने एक समाजसेवी व पत्रकार की कार का कई किलोमीटर तक पीछा कर टक्कर मारने की कोशिश की। विरोध होने पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, पीजीआई क्षेत्र के ईश्वरीखेड़ा निवासी पत्रकार एवं समाजसेवी मुकेश द्विवेदी गुरुवार शाम अपने साथी हिमांशु रावत के साथ सर्विस सेंटर से अपनी स्कॉर्पियो लेकर मोहनलालगंज स्थित बीसीसी हाइट्स में अपने प्लॉट पर जा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की काली थार, सफेद सफारी और एक अन्य कार सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया। समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने बताया कि बीसीसी हाइट्स मोड़ पर पहुंचते ही हमलावरों ने उनकी स्कॉर्पियो में पीछे से टक्कर मारने की कोशिश की। किसी तरह उन्होंने गाड़ी बचाते हुए कॉलोनी के अंदर अपने प्लॉट तक पहुंचकर स्थानीय लोगों से मदद की गुहार लगाई। इतने में पीछा कर रहे कार सवार भी वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद आरोपी कार सवार तेजी से गाड़ी मोड़कर रायबरेली रोड की ओर फरार हो गए। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन फायरिंग से कॉलोनीवासियों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, गोलियों की आवाज सुनकर बच्चे और महिलाएं डर के मारे घरों में दुबक गईं। पीड़ित समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने मामले की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना किया। थानाध्यक्ष डी.के. सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

**स्थानीय लोग बोले पहली बार कॉलोनी में हुई ऐसी वारदात.......**

बीसीसी हाइट्स कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि यह कॉलोनी अब तक शांतिपूर्ण रही है। शाम के समय पार्क में बच्चे खेलते हैं और महिलाएं टहलने निकलती हैं। लेकिन अचानक हुई फायरिंग की घटना से सभी लोग दहशत में हैं। लोगों ने प्रशासन से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने आसपास के थानों को भी अलर्ट किया घटना के बाद मोहनलालगंज पुलिस ने पीजीआई और नगराम थाना क्षेत्रों की पुलिस को भी सतर्क किया है ताकि आरोपियों की कारों का पता लगाया जा सके। तीनों संदिग्ध गाड़ियों थार, सफारी और एक अन्य कार की पहचान के लिए नाकेबंदी कराई जा रही है।

# उतरेठिया बाजार में व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर बैठक, नाइट गार्ड की होगी तैनाती

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। उतरेठिया बाजार में हाल के दिनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए गुरुवार को उद्योग व्यापार मंडल उतरेठिया इकाई की ओर से स्थानीय पुलिस के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि बाजार की सुरक्षा हेतु एक नाइट गार्ड की तैनाती की जाएगी, जो रात में गश्त कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेगा। साथ ही सभी दुकानदारों को अपने स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन कराने की सलाह दी गई, जिससे किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों से अपील की कि जिन दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, वे जल्द से जल्द कैमरे लगवाएं और एक कैमरे की दिशा मुख्य सड़क की ओर रखें, ताकि किसी घटना की स्थिति में फुटेज मददगार साबित हो सके। व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित सक्सेना ने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने थाना पीजीआई के एल्डेको चौकी इंचार्ज आशीष शर्मा को बाजार कमेटी की पदाधिकारियों की सूची सौंपी और उन्हें गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष बिनु मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री श्याम साहू, महामंत्री चंदन गुप्ता, सचिव महताब खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजपाल सिंह, संरक्षक सत्येंद्र सिंह, गणेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी विजय श्रीवास्तव, संगठन मंत्री पिंटू कश्यप, अरुण श्रीवास्तव, देशराज यादव, विजय यादव, भागीरथ साहू, के.के. शर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# तिलन गांव में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र के ग्राम तिलन में सात नवंबर से आरंभ हुई संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन बृहस्पतिवार को हुआ। पूरे सप्ताह गांव का वातावरण भक्तिरस और आध्यात्मिकता से ओतप्रोत रहा।

कथा के आयोजक हरे राम सिंह सपरिवार तनझमनझधन से पूर्ण समर्पण भाव के साथ इस पावन आयोजन में जुड़े रहे। उनके सुपुत्र जो दिल्ली और लखनऊ जैसे शहरों में निवास करते हैं, वे भी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धाभावपूर्वक कथा में सम्मिलित हुए।

कथा का दिव्य वाचन अयोध्या धाम से पधारे आचार्य प्रेमचंद्र जी महाराज द्वारा किया गया। उनकी मधुर



कथा के समापन पर मौजूद भक्तगण

वाणी में भक्ति, ज्ञान और प्रेरणा का अद्भुत संगम उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए अलौकिक अनुभूति का कारण बना। पूरे गांव ने एकजुट होकर इस आध्यात्मिक पर्व को अनुशासन, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। कथा समापन के उपरांत शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल होंगे।

# दिलावरनगर गांव से किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दिलावरनगर निवासी सुरेन्द्र कुमार ने अपने 14 वर्षीय पुत्र करन के लापता होने की सूचना बृहस्पतिवार को थाना रहीमाबाद में दी है। सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि उनका पुत्र बीते 11 नवंबर की शाम करीब चार बजे बिना बताए घर से कहीं चला गया और अब तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारी और आसपास उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। हताश होकर गुरुवार को पिता सुरेन्द्र कुमार ने रहीमाबाद थाने पर तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि किशोर की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई है और संभावित स्थानों पर



लापता करन – फोटो

लगातार तलाश की जा रही है। उधर, परिवारजन बेटे की सकुशल वापसी की उम्मीद में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उसकी सलामती के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं।

# अब यूपी में क्लीनिकल ट्रायल के लिए लेनी होगी मरीज की सहमति

लखनऊ। राजकीय मेडिकल कालेजों, चिकित्सा संस्थानों और शिक्षण कार्य कर रहे अस्पतालों को क्लीनिकल ट्रायल (नैदानिक परीक्षण) के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करना होगा। उत्तर प्रदेश प्रोमोट फार्मा काउंसिल से जारी एसओपी की सभी नैतिक समिति (एथिकल कमेटी) को जानकारी दी गई है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय से जारी एसओपी के अनुसार क्लीनिकल ट्रायल के लिए मरीजों की सुरक्षा, गोपनीयता और अधिकार मुख्य हैं। प्रत्येक संस्थान की एथिकल कमेटी को दवाओं के परीक्षण से पूर्व मरीज व उसके परिवार से जरूरी अनुमति लेनी होगी। उनकी सहमति या अनुमति स्वैच्छिक होना जरूरी होगा। दवा के दुष्प्रभाव की सूचना भी दर्ज करनी होगी।

# कुख्यात अपराधी गिरोह पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**गिरोह लंबे समय से चोरी, लूट व अन्य वारदातों में था शामिल**

**पुलिस आयुक्त की मंजूरी के बाद मलिहाबाद पुलिस ने की गैंगस्टर की कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पुलिस ने अपराध जगत में सक्रिय कुख्यात अपराधी मनोज यादव व उसके नौ साथियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मलिहाबाद पुलिस के मुताबिक गिरोह लंबे समय से चोरी, लूट व अन्य आपराधिक वारदातों में शामिल था और इलाके में आतंक फैला रखा था। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि गिरोह का सरगना मनोज यादव निवासी घनश्यामपुर थाना काकोरी है। गिरोह में शामिल शिवा उर्फ तन्नू, अजय यादव, रंजीत यादव, रोहित, राहुल, बब्बू यादव उर्फ बब्लू, लवकुश कश्यप हयात नगर दुबग्गा, विपिन कुमार बेलगढ़ा मलिहाबाद, निसार बाजनगर दुबग्गा पुलिस के अनुसार यह सभी आरोपी संगठित होकर अपराध करते थे और अवैध तरीके से आर्थिक लाभ कमाते थे। इनके आतंक से आम जनता थाने में शिकायत या अदालत में गवाही देने से भी डरती थी। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि गैंगचार्ट तैयार कर अनुमोदन के लिए भेजा गया था, जिसे पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर, संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) और पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने बीते सात नवंबर को मंजूरी दी। अनुमोदन के बाद गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## संक्षेप

### दबंगो ने पति पत्नी को पीटा, दर्ज हुआ मुकदमा

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के लहबरपुर गांव निवासी प्रिया उर्फ सपना पत्नी गौरव सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि 8 नवम्बर को पडोसी बुधराज सिंह ने निकलने वाले रास्ते पर बबूल की झाड़ी डाल दी जिससे निकलने में परेशानी हो रही थी जिसका विरोध किया तो बुधराज सिंह, सुमेर सिंह, राम प्रताप सिंह व काजल पत्नी बुधराज ने गाली गलौज करने लगे इसका जब बिरोध किया तो लाठी डंडे से मारने लगे यह देख पति गौरव बचाने आये तो उन्हें भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि पीडिता की तहरीर पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### कोर्ट के निर्देश पर तीन युवकों पर दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। एसीजे एम चतुर्थ के आदेश पर महिला के साथ छेड़छाड़ गाली गलौज फायर करने का तीन युवकों पर मामला दर्ज किया गया है ।बारा सगवर थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने ए सी जे एम चतुर्थ के यहां प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि 10 जून 25 को बारा सगवर थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी प्रफुल्ल पुत्र कृपा शंकर, दीपू पत्र गणेश तथा धीरज ने दोपहर मेरे घर में आकर दरवाजा खुलवाया मुझे घर में अकेली देखकर तीनों लोगों ने मेरे साथ छेड़छाड़ व बलात्कार की नीयत से गिरा दिया ।मेरे चिल्लाने पर मेरे पति आ गए। पति के आने पर उन्होंने घर में तमंचे से फायर कर दिया ।न्यायालय ने मामले में केस दर्ज कर कार्यवाई करने के निर्देश दिए ।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर तीनों युवकों पर गाली गलौज धमकी छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद कार्यवाई की जाएगी। वही आरोपित तीनों युवकों का कहना है कि मामला पैसे के लेनदेन का है आरोप बेबुनियाद निराधार हैं मेरे द्वारा भी माननीय न्यायालय में मामला दर्ज करने की गुहार लगाई गई है।

### किशोरी के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक पीड़िता की माता ने खेत पर सब्जी लेने गई बालिका को पंचायत घर में बंद कर दुष्कर्म की नियत से अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। माँ ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री बुधवार शाम लगभग 5 बजे खेत पर हरी सब्जी लेने गई हुई थी खेत के पास बने पंचायत घर में रहने वाला अधेड़ अमरेश सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी विरवारा जमीपुर ने बेटी की पकड़ कर पंचायत घर में बंद कर लिया देर रात तक घर न लौटने पर पुत्री की खोजबीन शुरू की। पंचायत घर में बने शौचालय से आवाज आने पर देखा तो पंचायत घर में रहने वाला अधेड़ अमरेश सिंह ने पुत्री को बंद किया हुआ था। दरवाजा खुलवाया गया तो अंदर बालिका और आरोपी मौजूद मिले ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और बच्ची को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा है। थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## ओवरलोड ट्रकों से राजस्व की चोरी करने वालों का एसटीएफ टीम ने किया खुलासा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अवैध खनन और ओवरलोड ट्रकों से राजस्व चोरी कराने वाले नेटवर्क का एसटीएफ की टीम ने खुलासा किया। कार्रवाई के बाद जिले से लेकर मंडल स्तर तक परिवहन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि इस गिरोह की जड़ें केवल दलालों तक नहीं, बल्कि विभाग के अफसरों तक फैली हैं। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि जिले में आने वाले हर ओवरलोड ट्रक से निश्चित रकम वसूली जाती थी। उन्नाव में यह दर 7 हजार रुपये प्रति ट्रक थी, जबकि कानपुर में 11 हजार रुपये तक पहुंच जाती थी। पूरा नेटवर्क मोबाइल और ऑनलाइन पेमेंट से चलता था - वढक और व्हाट्सएप के जरिये रकम भेजी जाती थी। पेमेंट के बाद ट्रक नंबर ₹पास लिस्टह्न में जोड़ दिया जाता था, जिससे वाहन बिना रोक-टोक निकल जाते थे। मुख्य आरोपी मो. तारिक हुसैन और नियाज अहमद उर्फ अमन के पास से एसटीएफ को 350 ट्रकों की सूची मिली है। जांच में सामने आया कि हर हफ्ते नई ₹पास लिस्ट₹ तैयार कर विभागीय अधिकारियों तक भेजी जाती थी। इस सूची में ऐसे ट्रक भी शामिल थे, जो अवैध खनन कर महोबा और फतेहपुर से मौरंग, गिट्टी और बालू लेकर आते थे। पूछताछ में तारिक और नियाज ने उन्नाव व कानपुर के कई ARTO और PTO कार्यालयों के कर्मचारियों के नाम बताए हैं। आरोप है कि हर ट्रक से वसूली गई रकम का हिस्सा हमराही सिपाहियों और निजी ड्राइवरों के जरिए अफसरों तक पहुंचाया जाता था। एसटीएफ के पास कुछ मोबाइल चैट और भुगतान के स्क्रीनशॉट भी मिले हैं, जिनसे ऊपरी स्तर तक की संलिप्तता का संकेत मिला है। यह नेटवर्क उन्नाव, कानपुर, महोबा और फतेहपुर तक फैला हुआ था। हर जिले में ह्नलोकेशन एजेंट₹ तैनात थे, जो वायरलेस और मोबाइल के जरिए ट्रकों को अपडेट देते थे कि कहां चेकिंग चल रही है और किस रास्ते से निकलना सुरक्षित है। एसटीएफ ने



पकड़े गए ट्रक ड्राइवर श्रीकिशन से पूछताछ की। उसने बताया कि हर ट्रिप पर वह तारिक हुसैन को 300 रुपये देता था। बदले में उसे बताया जाता था कि किस रूट से बिना रोक-टोक ट्रक निकल सकता है। एसटीएफ की शुरूआती जांच में सामने आया कि यह नेटवर्क रोजाना 1 से 1.5 लाख रुपये की अवैध वसूली करता था। हर पखवाड़े में यह रकम विभागीय कर्मचारियों और अफसरों तक पहुंचती थी। अनुमान है कि दो साल में नेटवर्क ने सरकारी खजाने को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया है। एसटीएफ ने आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की सिफारिश की है। टीम अब गिरोह के पैसों के प्रवाह - फंड ट्रेल-की जांच कर रही है। बैंक खातों, वढक ट्रांजेक्शन और मोबाइल डेटा की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। एसटीएफ ने आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की सिफारिश की है। टीम अब गिरोह के पैसों के प्रवाह - फंड ट्रेल-की जांच कर रही है। बैंक खातों, UPI ट्रांजेक्शन और मोबाइल डेटा की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। खुलासे के बाद उन्नाव और कानपुर के परिवहन कार्यालयों में अफरातफरी मची है। कई अधिकारी अपने पदों से नदारद हैं। शासन ने रिपोर्ट तलब की है और जल्द ही आरटीओ कार्यालयों में आंतरिक जांच शुरू होने की संभावना है। एसटीएफ उपनिरीक्षक राहुल परमार ने कहा कि कार्रवाई शासन के निर्देश पर की गई है। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग और अवैध खनन से जहां राजस्व को नुकसान होता है, वहीं सड़क सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ता है। ₹जिन भी अफसरों या कर्मचारियों के नाम जांच में आएंगे, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस अधीक्षक ने कई उप निरीक्षको को किया इधर से उधर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानून व्यवस्था और प्रशासनिक दक्षता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने बड़े पैमाने पर दरोगाओं के तबादले किए हैं। बुधवार रात को जारी आदेश में कुल 27 निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों (उ0नि0) को विभिन्न थानों, चौकियों और शाखाओं में नई तैनाती दी गई है। जारी आदेश के अनुसार, निरीक्षक अनुरुद्ध प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से हटाकर थाना हसनगंज का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है। वहीं, इंस्पेक्टर भुवन सिंह मौर्य को एंटी भू-माफिया सेल की कमान सौंपी गई है। मोहम्मद जाफर अली खान को कोतवाली, राजेश कुमार सिंह को इंडस्ट्रियल बस स्टॉप बीघापुर और दर्शन सिंह को थाना आसीवन स्थानांतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त, उपनिरीक्षकों में हीरा



लाल को थाना आसीवन, महेंद्र प्रताप सिंह को थाना माखी, अशोक कुमार को कोतवाली, मोहम्मद मुस्ताक और मूलचंद्र पाठक को थाना गंगाघाट भेजा गया है। शमीम उद्दीन को एफचौकी थाना फतेहपुर चौरासी में, प्रेमचंद्र को थाना दही में तैनाती मिली है। शैलेंद्र कुमार सिंह को थाना सफीपुर, मोहम्मद अनीस को थाना बिहार, आनंद कुमार तिवारी को थाना अजगैन, संजय कुमार को थाना सफीपुर, नजर इमाम को कोतवाली और प्रवीण कुमार को थाना औरास स्थानांतरित किया गया है। दूसरी सूची में मोहम्मद एजाज खां को थाना सोहरामऊ, सुरेश पाल सिंह को थाना असोहा, सुरेश यादव को थाना बांगरमऊ, राघवेंद्र अवस्थी को रिट सेल, संतोष चंद्र यादव को शिकायत प्रकोष्ठ, पंकज कुमार सोनकर और अरविंद कुमार सिंह को थाना दही, विनोद सिंह को सर्विलांस सेल, और विजय कुमार यादव को चौकी जाजमऊ, थाना गंगाघाट में नई जिम्मेदारी दी गई है। एसपी कार्यालय से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी स्थानांतरित अधिकारी तत्काल प्रभाव से अपने-अपने नए स्थानों पर कार्यभार ग्रहण करें। यह तबादला प्रशासनिक और जनहित में किया गया है। इन तबादलों से जिले में पुलिस व्यवस्था और जनसंपर्क में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस अधीक्षक ने यह कदम आगामी त्योहारों और कानून व्यवस्था की दृष्टि से भी उठाया है।

## किन्नर ने अपने ही चालक व उसकी पत्नी पर लगाया चोरी करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर की एक किन्नर ने अपने ही कार चालक और उसकी पत्नी पर उनकी गैरमौजूदगी में उसके घर से 16 तोला के सोने के जेवर और 5 लाख रुपए नगदी चोरी करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने किन्नर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला गोंडा टोला निवासिनी किन्नर निशा पुत्र साहुन सदरुद्दीन द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते करीब 9 साल से मोहल्ले का ही मोबीन पुत्र अलीम उसकी गाड़ी का चालक है। जबकि मोहल्ले के ही तहसीन पुत्र बब्लू उसके घर खाना बनाता था। कुछ माह पूर्व उसके चालक और बावर्ची के बीच प्रेम संबंध हो गए। तब उसने दोनों की शादी कराने के बाद अपने घर में ही रख लिया था। किन्नर निशा के अनुसार बीते 16 अक्टूबर को वह बधाई आदि की दक्षिणा देने बाहर गई हुई थी। तभी चालक मोबीन और बावर्ची तहसीन दोनों ने अपने परिजनों के साथ मिलकर योजना बद्ध तरीके से उसके घर के अंदर संदूक में रखे करीब 16 तोला वजनी सोने के जेवर और 5 लाख रुपए नगदी चोरी कर भाग निकले। वापस अपने घर लौटने पर कमरे में बिखरे कपड़े देखकर उसे घटना की जानकारी हो सकी। वह जब चालक और बावर्ची के घर दोनों का पता लगाने गई तो दोनों के पारिवारिक सदस्यों ने उसे गाली-गलौज कर जान से मार डालने की धमकी दी। तब उसने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंपी। पीड़ित किन्नर का कहना है कि उसका करीब 20 लाख रुपए कीमत का जेवर और नगदी चोरी कर दोनों आरोपी मुंबई भाग गए हैं और अपने बहनोई के यहां रह रहे हैं। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## आशा बहुओ ने कलम बंद हड़ताल करते हुए निकाली रैली

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। असोहा विकास खण्ड की आशा बहुओ ने भुगतान न होने पर कलम बंद हड़ताल की ब्लाक अध्यक्ष सुनीता देवी के नेतृत्व में तारावती ,कल्पना वर्मा , रंजीता , शालिनी , संगीता देवी , मायादेवी , प्रियंका , शिवानी ,निर्मला देवी ,शिवानी , आकांक्षा सहित सैकड़ों आशा बहुवो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्रित होते हुए धरना प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली ।सुनीता देवी ने बताया कि अब तक उनके कार्यो का पूर्ण भुगतान नही किया गया ,हमारी बार बार मांगो व किये गए निवेदनों पर भी इसदिशा में कोई कार्यवाही नही की गई ,उन्होंने कहा कि हम को टुकड़ो में भुगतान न दिया जाये तथा कर्मचारी का दर्जा दिया जाए , आगे बताया कि हम लोग आगामी 16 नवम्बर को दिल्ली जा रहे है 17नवम्बर को हम लोग वहां धरना प्रदर्शन करेंगे, हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक सभी आशा बहुवो व आशा संगिनी का का बकाया भुगतान तथा अन्य मांगे नही स्वीकार की जाती है ।विकास खण्ड की आशा बहुवो ने भुगतान न होने पर कलम बंद हड़ताल की ब्लाक अध्यक्ष सुनीता देवी के नेतृत्व में तारावती ,कल्पना वर्मा , रंजीता , शालिनी , संगीता देवी , मायादेवी , प्रियंका , शिवानी ,निर्मला देवी ,शिवानी , आकांछा सहित सैकड़ों आशा बहुओने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्रित होते हुए धरना प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली ।सुनीता देवी ने बताया कि अब तक उनके कार्यो का पूर्ण भुगतान नही किया गया ,हमारी बार बार मांगो व किये गए निवेदनों पर भी इसदिशा में कोई कार्यवाही नही की गई ,उन्होंने कहा कि हम को टुकड़ो में भुगतान न दिया जाये तथा कर्मचारी का दर्जा दिया जाए , आगे बताया कि हम लोग आगामी 16 नवम्बर को दिल्ली जा रहे है 17नवम्बर को हम लोग वहां धरना प्रदर्शन करेंगे, हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक सभी आशा बहुओं व आशा संगिनी का का बकाया भुगतान तथा अन्य मांगे नही स्वीकार की जाती है ।

## क्षेत्रीय विधायक ने सड़क निर्माण कार्य की देखी गुणवत्ता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल सिंह ने क्षेत्र में हो रहे सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखकर जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मौरावां-उन्नाव मुख्य मार्ग से बाबा बिल्वेश्वर धाम प्रांगण तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन इसकी गुणवत्ता पर क्षेत्रवासियों ने आपत्ति जताई है। शिकायतें मिल रही हैं कि निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है और तकनीकी मानकों का पालन नहीं हो रहा। अनिल सिंह ने आरोप लगाया कि विभागीय निगरानी के बावजूद कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो सड़क जल्द ही खराब हो जाएगी, जिससे सरकार की ₹गांवों में मजबूत सड़कें₹ देने की नीति पर सवाल उठेगा। विधायक ने डीएम से अनुरोध किया है कि एक जांच समिति गठित कर सड़क निर्माण की गुणवत्ता, मानक और प्रगति का स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जांच में किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्टाचार पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। विधायक अनिल सिंह ने कहा कि जनता के धन से होने वाले निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित होना जरूरी है, ताकि विकास योजनाओं का लाभ वास्तव में जनता तक पहुंच सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन इस प्रकरण को गंभीरता से लेकर शीघ्र जांच कर कार्रवाई की सूचना उन्हें देगा।

## केमिकल फैक्ट्री व विस्फोटक भंडारण करने वाली दुकानों का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दिल्ली में हुए हालिया धमाके के बाद पूरे प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इसी क्रम में उन्नाव जिले में भी गुरुवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान चलाया। इस अभियान के तहत केमिकल फैक्ट्रियों और विस्फोटक भंडारण करने वाली दुकानों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों, लाइसेंस दस्तावेजों और भंडारण की स्थिति की गहन जांच की। यह जांच अभियान जिले के सदर और बीघापुर क्षेत्रों में एक साथ चलाया गया। सदर क्षेत्र में उप जिलाधिकारी (एसडीएम) क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीपक यादव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) अनूप सिंह और प्रभारी निरीक्षक दही थानाध्यक्ष की संयुक्त टीम ने विभिन्न केमिकल फैक्ट्रियों व विस्फोटक दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने अमोनियम नाइट्रेट सहित अन्य



ज्वलनशील व विस्फोटक पदार्थों के भंडारण की सुरक्षा व्यवस्था और संबंधित रजिस्टर व दस्तावेजों की जांच की। इसी प्रकार बीघापुर क्षेत्र में एसडीएम रणवीर सिंह, सीओ मधुप नाथ मिश्रा और फायर सर्विस टीम ने निरीक्षण अभियान चलाया। टीम ने क्षेत्र की दुकानों व गोदामों का दौरा कर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान फायर सर्विस कर्मियों ने फैक्ट्री संचालकों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी और फायर एक्सटिंग्विशर जैसे उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने दुकानदारों और फैक्ट्री प्रबंधन को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्हें यह भी निर्देश दिया गया कि विस्फोटक पदार्थों का भंडारण केवल निर्धारित सीमा तक ही किया जाए। साथ ही, गोदामों में उचित वेंटिलेशन और सुरक्षा दूरी का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। अभियान के दौरान अधिकारियों ने लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिष्ठान शासन के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था में कमी पाए जाने पर तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए।2025 11:15 13:20 प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली जैसी किसी अप्रिय घटना से पहले ही सुरक्षा उपायों को मजबूत करना बेहद जरूरी है। इसलिए जिलेभर में इस तरह के निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके और जन सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## वेतन विसंगत को लेकर सफाई कर्मियों ने की हड़ताल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज नगर पंचायत में गुरुवार सुबह सफाई कर्मियों ने वेतन विसंगति के विरोध में हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) शालिनी त्रिपाठी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कामकाज ठप कर दिया। नगर पंचायत परिसर में एकजुट हुए कर्मचारियों ने 'ईओ मुदार्बाद' और 'हमारा हक हमें दो' जैसे नारे लगाए। उन्होंने कार्यालय परिसर से लेकर अचलगंज तिराहे तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का आरोप है कि ईओ शालिनी त्रिपाठी के कार्यभार संभालने के बाद से उनके वेतन में कटौती की जा रही है। उनका कहना है कि कई महीनों से पूरा वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिससे परिवार के भरण-पोषण में दिक्कतें आ रही हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले एकत्र हुए कर्मियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक वेतन विसंगति दूर नहीं होती और बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस हड़ताल के कारण पूरे नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों, गलियों और बाजारों में कूड़े के ढेर लग गए हैं, जिससे लोगों को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप और समाधान की मांग की है। अधिशासी अधिकारी शालिनी त्रिपाठी ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में है और कर्मचारियों की शिकायतों की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होगा, लेकिन अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## चैंबर को लेकर दो अधिवक्ताओं के बीच हुई नोकजोख

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला कचहरी परिसर में गुरुवार को अधिवक्ताओं के बीच चैंबर विवाद को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विवाद तब शुरू हुआ जब एडवोकेट बाल मुकुंद के कार्यस्थल (बस्ता) पर एक अन्य अधिवक्ता ने कब्जा करने की कोशिश की। देखते ही देखते मौके पर वकीलों की भीड़ जुट गई और दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक के बाद हाथापाई की नौबत आ गई। यह घटना जिला पंचायत अध्यक्ष कार्यालय के सामने स्थित चैंबर क्षेत्र में हुई। जानकारी के अनुसार, एडवोकेट बाल मुकुंद लंबे समय से उसी स्थान पर अपना बस्ता लगाते थे। गुरुवार सुबह जब वे पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनकी जगह पर किसी अन्य वकील ने कब्जा कर लिया है। आपत्ति जताने पर दोनों पक्षों में कहासुनी और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इस दौरान बाल मुकुंद के बस्ते में तोड़फोड़ की गई, जिससे फाइलें और दस्तावेज बिखर गए, वहीं कुर्सी-टेबल को भी नुकसान पहुंचा। पूरी घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर वायरल कर दिया। सूचना पाकर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। फिलहाल, किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन पुलिस ने वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से अधिवक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने इसे वकालत की गरिमा के विपरीत बताया है। बार एसोसिएशन ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को नोटिस जारी करने और जल्द आपात बैठक बुलाने की बात कही है। इस हंगामे के चलते कचहरी परिसर में दिनभर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। जिसका असर आम जनता और मुवक्किलों पर भी पड़ा।

## बाइक सवार मौसेरे भाई को डंपर ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के लालगंज हाइवे पर विपरीत दिशा से आ रहे ओवरलोड मिट्टी लदे डंपर ने बाइक सवार मौसेरे भाइयों को रौंद डाला ।जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा हैलेट में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है ।घटना के बाद चालक वाहन छोड़ कर भाग गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने डेढ़ घंटे की मेहनत के बाद हाइड्रा मंगाकर डंपर में फंसे शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बारा सगवर थाना क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा निवासी 35 वर्षीय बुद्धी लाल पुत्र नन्हू बुधवार को बीघापुर के महाई गांव निवासी मौसेरे भाई धनीराम के साथ वाइक से उन्नाव में रह रहे अपने भाई आर्मी मैन ज्ञान प्रकाश से मिलने गए थे शाम को 9 बजे खा पीकर दोनों उन्नाव से चले थे




अभी वह उन्नाव लालगंज मार्ग के भैंसई नौबस्ता गांव के सामने पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे मिट्टी लदे डंपर ने सामने से बाइक चला रहे बुद्धिलाल को रौंद डाला। जिसमें उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।पीछे बैठा मौसेरे भाई धनीराम गंभीर रूप से घायल हो गया ।सूचना पर सीओ बीघापुर मधुप नाथ मिश्रा,इंस्पेक्टर राजेश पाठक मौके पर पहुंच डेढ़ घंटा मेहनत के बाद हाइड्रा मंगाकर वाहन में फंसे शव को बाहर निकलवा कर मोर्चरी भेजा है घायल को जिला अस्पताल से हैलेट रिफर किया गया है ।मृतक बुद्धिलाल गांव में खेती बाड़ी करता रहा है वह अपने पीछे पत्नी सुमन के अलावा एक पुत्री व दो पुत्र छोड़ गया है।

## सड़क सुरक्षा व जन जागरूकता के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस द्वारा नवंबर माह में सड़क सुरक्षा और जन जागरूकता के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को एनएच-27 (कानपुर-लखनऊ नेशनल हाईवे) पर व्यापक कार्रवाई की। इस दौरान सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया गया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। अभियान के तहत टीम ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। पुलिस कर्मियों ने राहगीरों, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्हें वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की भी अपील की गई। टीम ने समझाया कि सड़क पर लापरवाही जानलेवा हो सकती है। पुलिस ने विशेष रूप से हाईवे किनारे गलत तरीके से पार्क किए गए वाहनों पर कार्रवाई की। कई स्थानों पर ट्रकों और बसों को हटवाकर यातायात को सुचारु बनाया गया। प्रभारी निरीक्षक यातायात सुनील सिंह ने बताया कि सड़क किनारे खड़े वाहन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनते हैं, इसलिए उन्हें हटवाना प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि लोगों में यातायात अनुशासन की भावना पैदा करना है। टीम ने राहगीरों को ₹सड़क सुरक्षा आपके जीवन से जुड़ी है, हेलमेट और सीट बेल्ट आपकी सुरक्षा कवच हैं₹ का संदेश भी दिया। पुलिस ने बताया कि यातायात नियमों के पालन से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि शहर में सुगम यातायात व्यवस्था भी सुनिश्चित होगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाना और प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित यातायात की संस्कृति से जोड़ना है। उन्नाव पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा में भी सहयोग करें।

## प्रधान के निधन पर शोक सभा कर दी गई श्रंद्धाजलि

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार के बालाजी युवा मंडल के संरक्षक एवं बेहटा के प्रधान रूपनारायण दीक्षित के आकस्मिक निधन पर राधागंज में मंडल ने एक शोक सभा आयोजित कर अपूर्णीय क्षति बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया । बालाजी युवा मंडल की बैठक संयोजक दिनेश दीक्षित की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधान रूपनारायण दीक्षित के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया । बताते चलें कि रूपनारायण दीक्षित वर्तमान में बेहटा के प्रधान थे । करीब एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थे । जिनका इलाज लखनऊ के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था । बुधवार को भोर पहर इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया । खबर जैसे ही उनके गांव एवं मंडल के लोगों को पता चली तो अशोक की लहर दौड़ गई । बालाजी युवा मंडल के दीक्षित ने कहा कि प्रधान जी के निधन से गांव को जहां अपूर्णनीय क्षति हुई । वही मंडल ने भी अपना अच्छा संरक्षक खो दिया । शुभम द्विवेदी ने कहा कि प्रधान जी के व्यवहार से सभी खुश रहते थे । बैठक के अंत में 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया । बैठक में लक्ष्मी शंकर चौरसिया, शीशू द्विवेदी , साजन , प्रधान राम बली , बच्चा माली , गिरीश शुक्ला , अन्नू वर्मा , रोहित यादव उर्फ पीहू ,लक्ष्मी नारायण पासवान, सत्यम दीक्षित , देवी प्रसाद निर्मल , नीशू द्विवेदी, रवी चौरसिया आदि मौजूद थे ।

## मार्ग दुर्घटनाओं में एक महिला सहित आठ लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे सहित अन्य मार्गो पर दुर्घटनाओं में एक महिला सहित आठ लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों में से चार को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया ।आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आज सुबह किलोमीटर संख्या 238 पर एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में अमन जैन 25 वर्ष पुत्र प्रकाश जैन तथा उनकी पत्नी सुमिता जैन गंभीर घायल हो गए ।वहीं इसी एक्सप्रेस वे पर किलोमीटर संख्या 236 पर तेज रफ़्तार डीसीएम एक ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में डीसीएम चालक बृजनंदन 27 वर्ष पुत्र राजेन्द्र पानीपत हरियाणा और परिचालक रोहित 23 वर्ष पुत्र जितेंद्र निवासी कस्बा जींद हरियाणा गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा दो अन्य दुर्घटनाओं में कुलदीप 18 वर्ष पुत्र देवीप्रसाद व हरिओम 21 वर्ष पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम मढ़िया और रंजीत 27 वर्ष पुत्र काका निवासी ग्राम फुलई थाना मल्लावां हरदोई तथा अंकित 18 वर्ष पुत्र राकेश निवासी ग्राम नसिरापुर कोतवाली बांगरमऊ गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों द्वारा घायलों में से कुलदीप, रंजीत, हरिओम व अंकित की हालत नाजुक देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सम्पादकीय

# आतंकवाद के आकाओं को सहन नहीं कश्मीर की शांति

विदेशी धरा पर बैठे आतंकियों के आकाओं से कश्मीर की शांति सहन नहीं हो पा रही। वे रह-रहकर ऐसे प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तरह से एक बार फिर घाटी को आतंकवाद के गर्त में धकेला जा सके। जम्मू-कश्मीर में अक्टूबर 25 वर्षों में सबसे शांतिपूर्ण और 2025 का अब तक का सबसे शांत महीना रहा। इस महीने में केवल दो लोगों की हत्या की सूचना मिली। ये दोनों भी आतंकवादी थे। उनको सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पार घुसपैठ की कोशिश के दौरान मार गिराया। पूरे महीने में किसी भी नागरिक या सुरक्षा बल के हताहत होने की खबर नहीं आई। यह 2000 के बाद से सबसे शांतिपूर्ण माह रहा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू और कश्मीर शांति की राह पर हैं। कश्मीर घाटी के चारों ओर तरक्की की बातें हो रही हैं। कभी पाकिस्तान का राग अलापने वाले आज आतंकवाद विरोधी दिख रहे हैं। यहां का युवा पत्थरबाजी-प्रदर्शन को छोड़ अब अमन से बैठ गया है। वह धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर के लिए विकास चाहता है और उन्हें पता है कि देश विरोधी लोग उन्हें इस्तेमाल करते थे, जो अब नहीं होगा। कश्मीरी युवा भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना चाहता है। यहां की आबोहवा अब बदल चुकी है। पूरे जम्मू कश्मीर में आतंक के गढ़ रहे इलाकों से सरहद तक अमन की बयार बह रही है। गांवों-शहरों में सरकारी इमारतों से लेकर सरहद तक हर ओर तिरंगा लहरा रहा है, यहां तक कि लाल चौक पर भी तिरंगा देखने को मिलता है। आतंकवाद को दरकिनार कर युवा पीढ़ी काम-धंधे में जुटने लगी है। पिछले दिनों सेना में भर्ती होने के लिए कश्मीर और जम्मू में बड़ी-बड़ी कतारें देखी गईं। कश्मीर में बच्चे सड़कों में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। आतंक की वजह से पीर पंजाल की सेवन लेक्स पर भी लोगों की आवाजाही कम हो गई थी, अब लोग जा रहे हैं। आतंकियों के आकाओं से यही सहन नहीं हो पा रहा। घाटी में कड़ी सुरक्षा है तो वे अब घाटी से बाहर आतंकवाद का साजो सामान जुटाने की फिराक में हैं ताकि किसी भी समय कश्मीर को फिर से आग की लपटों में धकेला जा सके, लेकिन हमारे सुरक्षा बल उनके हर प्रयास को विफल कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद में एक डॉक्टर के घर से 360 किलो विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया है। इसके साथ ही असॉल्ट राइफल और कारतूस भी मिले हैं। गिरफ्तार डॉक्टर का नाम मुजम्मिल शकील है। यह फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता था। यह पुलवामा के कोइल का रहने वाला है। पुलिस ने लखनऊ से भी एक महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया गया है। शाहीन डॉक्टर मुजम्मिल शकील की महिला मित्र है। मुजम्मिल, डॉक्टर शाहीन की कार इस्तेमाल करता था। शाहीन की कार से ही एके-47 राइफल, जिंदा कारतूस और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद हुई। जम्मू कश्मीर पुलिस ने अब तक कुल 2900 किलो बम बनाने की सामग्री बरामद की है। यह मॉड्यूल जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद जैसे प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ा हुआ था, जो घाटी में दहशतगर्दी फैलाने की फिराक में थे। सुरक्षा बलों ने यह बेहतरीन काम किया है, लेकिन जरूरत है कि उन लोगों का पक्का इलाज किया जाए, जो दूर रहकर आतंक को हवा देने की कोशिशों में जुटे हैं। तभी कश्मीर में स्थायी शांति कायम हो पाएगी।



आर्थिकी
डॉ. अश्विनी महाजन

1 अक्टूबर से अमेरिकी सरकार का कामकाज लगभग ठप हो गया है। लगभग 900,000 संघीय कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है, और 20 लाख अन्य को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केवल स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य सहायता और परिवहन सुरक्षा प्रशासन जैसी आवश्यक सेवाएं ही अपवाद हैं। अमेरिकी इतिहास में यह 11वां शटडाउन है जिसके परिणामस्वरूप सरकारी सेवाएं ठप हो गई हैं। वास्तव में, अमेरिका का बंद होना उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेषकर भारत के लिए आत्मनिर्भरता, संतुलित व्यापार और सहकारी संघवाद पर आधारित एक नए वैश्विक आर्थिक नेतृत्व को स्थापित करने का एक अवसर है।

# शटडाउन: अमेरिकी व्यवस्था की कमज़ोरी

जबकि दुनिया इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए अनुचित और बहुपक्षीय व्यापार नियमों के विरुद्ध टैरिफ पर चर्चा कर रही है, एक महत्वपूर्ण विषय जिस पर अभी तक विस्तृत चर्चा नहीं हुई है, वह है अमेरिकी सरकार का शटडाउन, जो 1 अक्टूबर, 2025 से चल रहा है और 4 नवंबर को, इस शटडाउन ने पिछले ट्रंप प्रशासन के दौरान 2018 के पिछले 35 दिनों के शटडाउन को पीछे छोड़ते हुए एक नया रिकॉर्ड बनाया है। 1 अक्टूबर से अमेरिकी सरकार का कामकाज लगभग ठप हो गया है। लगभग 900,000 संघीय कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया है, और 20 लाख अन्य को बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। केवल स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य सहायता और परिवहन सुरक्षा प्रशासन जैसी आवश्यक सेवाएं ही अपवाद हैं। अमेरिकी इतिहास में यह 11वां शटडाउन है जिसके परिणामस्वरूप सरकारी सेवाएं ठप हो गई हैं। इससे पहले सबसे लंबा शटडाउन 2018-19 में हुआ था, जो पिछले ट्रंप के कार्यकाल में 35 दिनों तक चला था, हालांकि यह पूर्ण सरकारी शटडाउन नहीं था। ज़रा सोचिए, अगर ऐसा भारत में होता, जहां सभी सरकारी प्रतिष्ठान बंद हो जाते और सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता, तो दुनिया भर में, खासकर अमेरिका में, भारतीय संविधान और व्यवस्था की आलोचना करते हुए ढेरों लेख लिखे जाते। फिर भी, अमेरिका में हुई इतनी बड़ी घटना की भी बहुत कम रिपोर्टिंग हो रही है। अमेरिका में दो प्रमुख पार्टियां हैं रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी से हैं। रिपब्लिकन द्वारा संचालित सदन ने तुरंत एक वित्त पोषण विधेयक पारित किया, लेकिन सीनेट में इसे समर्थन नहीं मिला। डेमोक्रेटिक पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी (खासकर अफोर्डेबल केयर एक्ट से संबंधित) बजट में शामिल नहीं हैं। इसके अलावा, कांग्रेस ने शिकायत की है कि राष्ट्रपति प्रशासन बजट प्रक्रिया में कांग्रेस की शक्तियों का अतिक्रमण कर रहा है। कांग्रेस को डर है कि बिना शर्त बजट अनुमोदन कांग्रेस की शक्तियों का हनन होगा। शटडाउन ने न केवल सरकारी कामकाज को ठप कर दिया है, बल्कि 4 करोड़ से ज़्यादा लोगों के लिए खाद्य सहायता, खासकर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (स्नैप) के बंद होने का भी खतरा पैदा कर दिया है। कुछ विभागों ने सैन्य कर्मियों को वेतन सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र से भी धन जुटाया है। हालांकि, डेमोक्रेट अड़े नहीं हैं; उन्होंने अपनी मांग को घटाकर केवल 20 अरब डॉलर कर दिया है, जो उनकी पिछली मांग से काफ़ी कम है, फिर भी समाधान दूर की कौड़ी है। मौजूदा मामले में, संघर्ष सिर्फ़ पार्टियों के बीच का नहीं है; सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी मतभेद हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में 3 नवंबर, 2026 को बड़े पैमाने पर चुनाव होने वाले हैं। इन मध्यावधि चुनावों में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों और अमेरिकी सीनेट की 100 में से 35 सीटों के लिए चुनाव होंगे, जिससे 120वीं संयुक्त राज्य कांग्रेस का गठन होगा। 29 राज्य और क्षेत्रीय गवर्नर चुनाव, साथ ही कई राज्य और स्थानीय चुनाव भी लड़े जाएंगे। अमेरिका में आगामी मध्यावधि चुनाव वास्तव में सरकारी बंद के त्वरित या स्थायी समाधान में बाधा बन रहे हैं।



राष्ट्रीय हित पर आम सहमति से ज़्यादा राजनीतिक गुणा-भाग महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में लगातार जारी बंद केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि अमेरिकी आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था की गहरी संरचनात्मक और वैचारिक कमज़ोरियों का लक्षण है। इतना लंबा शटडाउन अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था की प्रतिस्पर्धी हितों, खासकर राजकोषीय विवेक और राजनीतिक लोकलुभावनवाद के बीच सामंजस्य बिठाने में असमर्थता को दर्शाता है। बजट को मंज़ूरी देने या ऋण सीमा बढ़ाने में विफलता (जैसा कि हमने पहले भी देखा है) एक खंडित लोकतंत्र को दर्शाती है जो निहित स्वार्थों के हाथों बंधक बना हुआ है, जहां अल्पकालिक राजनीतिक लाभ दीर्घकालिक राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर भारी पड़ते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं की ऋण और घाटे के वित्तपोषण पर असंतुलित निर्भरता से हमें कोई राहत नहीं मिली है। इस शटडाउन ने उजागर किया है कि कैसे अमेरिकी आर्थिक मॉडल लगातार उधार लेने का आदी हो गया है और राजनीतिक नेता राजकोषीय अनुशासनहीनता के परिणामों का सामना करने को तैयार नहीं हैं। अमेरिकी नीति निर्माताओं के दोहरे मापदंड पूरी तरह से उजागर हो गए हैं, क्योंकि अमेरिका आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं के माध्यम से विकासशील देशों को राजकोषीय जिम्मेदारी का उपदेश देता है, लेकिन घरेलू स्तर पर इसका पालन करने में बुरी तरह विफल रहता है।

हम देखते हैं कि वैश्विक आर्थिक असंतुलन एक तरह से अमेरिकी डॉलर के आधिपत्य से जुड़े हैं। हम समझते हैं कि शटडाउन और बार-बार ऋण सीमा संकट अमेरिकी वित्तीय प्रणाली में वैश्विक विश्वास को कमज़ोर कर रहे हैं। यह दुनिया में डॉलर-विमुद्रीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है और भारत में अस्थिर पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर वित्तीय तंत्र बनाने के विश्वास को मज़बूत कर रहा है। कोई भी आसानी से समझ सकता है कि शटडाउन एक व्यक्तिवादी और उपभोग-आधारित आर्थिक व्यवस्था का परिणाम है जो लोगों की तुलना में बाज़ारों को प्राथमिकता देती है। आम अमेरिकी नागरिकों-बिना वेतन वाले सरकारी कर्मचारी, सेवाओं में देरी और सामाजिक असुरक्षा स्पष्ट रूप से इस नव उदारवाद की विफलता का संकेतक है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के कारण इस शटडाउन का प्रभाव केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहता, अपितु पूरे विश्व तक पहुंचता है। अंतरराष्ट्रीय निवेशक अमरीकी स्थिति देखकर चिंतित हो जाते हैं। डॉलर की स्थिरता पर प्रश्न खड़े होने लगते हैं और विदेशी निवेशक अपने धन सुरक्षित रखने के लिए अन्य विकल्प खोजने लगते हैं।

हालांकि सामान्य रूप से पश्चिमी मीडिया और विशेष रूप से अमेरिका भारतीय संस्थानों को कमज़ोर दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ता, शटडाउन उस कहानी को ध्वस्त कर रहा है, क्योंकि हम देख रहे हैं कि पश्चिमी आर्थिक प्रणाली की तुलना में भारत में कहीं बेहतर संस्थागत स्थिरता को है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद, भारत को कभी भी इस तरह के शटडाउन का सामना नहीं करना पड़ा है क्योंकि बजट अनुमोदन को राष्ट्रीय जिम्मेदारी माना जाता है, न कि राजनीतिक सौदेबाज़ी। वास्तव में, अमेरिका का बंद होना उभरती अर्थव्यवस्थाओं, विशेषकर भारत के लिए आत्मनिर्भरता, संतुलित व्यापार और सहकारी संघवाद पर आधारित एक नए वैश्विक आर्थिक नेतृत्व को स्थापित करने का एक अवसर है। जब पश्चिम अपने विरोधाभासों के बोझ तले लड़खड़ाता है, तो भारत को अपने मूल्यों के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए, न कि उनके उधार लिए गए मॉडलों के आधार पर।



जयंती विशेष
विवेक शुक्ला

# प्रतिभाओं के पारखी थे मौलाना आजाद

मौलाना अबुल कलाम को आज उनकी राजधानी में जामा मस्जिद के पास स्थित मजार पर श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ लोग पहुंचेंगे। इनकी संख्या बीसेक ही रहती है। ये मोटे तौर पर वही लोग होते हैं, जो हर बरस उनकी जयंती (11 नवंबर) और पुण्यतिथि (22 फरवरी) पर वक्त निकाल कर आते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि मौलाना आजाद की मजार पर सामान्य दिनों में तो कोई भी नहीं आता। तो कहा जा सकता है कि भारत के पहले शिक्षा मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी,हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक के प्रति देशका किस तरह का ठंडा रवैया है। कुछ साल पहले तक राष्ट्रपति और दिल्ली के उप राज्यपाल की ओर से मजार पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए जाते थे, मगर वह रिवायत अब टूट चुकी है। अगर आप राजधानी में जनपथ से मौलाना आजाद रोड की तरफ बढ़ते हैं, तो आपको सड़क के शुरू में ही बायीं तरफ विज्ञान भवन मिलता है। इस सड़क की पहचान इसलिए होती है,



क्योंकि इधर विज्ञान भवन और लंबे समय तक रहा देश के उप राष्ट्रपति का आवास रहा है। कुछ समय पहले यहां से उपराष्ट्रपति आवास शिफ्ट हो चुका है। ये सड़क किंग एडवर्ड रोड से मौलाना आजाद रोड इसलिए हो गई थी, क्योंकि इसी सड़क के 4 नंबर के बंगले में मौलाना आजाद 1947 से 22 फरवरी 1958 को अपनी मृत्यु तक रहे थे। दरअसल जिधर विज्ञान भवन की एनेक्सी है वहां पर ही था मौलाना आजाद का सरकारी बंगला। दूसरे हिस्से में विज्ञान भवन बना। कौन रहता था मौलाना के साथ जब मौलाना आजाद 4 नंबर एडवर्ड रोड में रहते थे तब उनके साथ उनका एक भतीजा नुरूदीन अहमद, जिसे वे अपना पुत्र ही मानते थे, और कुछ अन्य रिश्तेदार भी रहते थे। मौलाना आजाद कोलकाता से सन 1920 के आसपास दि्ली आ गए थे, जब महात्मा गांधी और पंडित नेहरू ने उन्हें भारत के स्वाधीनता संग्राम को सशक्त बनाने के लिए यहां रहने के लिए आमंत्रित किया। तब मौलाना आज़ाद के पास रहने को जगह और देने को किराया नहीं था। फिरोज बख्त अहमद बताते हैं कि उन्हें दिल्ली में रहने के लिए एक घर 'हमदर्द दवाखाना' के हकीम अब्दुल मजीद ने दरियागंज में दिया था। मौलाना आजाद का घर देखते-देखते दिल्ली के दानिशमंदों,लेखकों और नौजवानों का पसंदीदा स्थान बन गया।

मौलाना आज़ाद के घर में किताबों का अंबार था। मौलाना आजाद अपने दोस्तों को भी किताबें भेंट किया करते थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देश के शिक्षा मंत्री के रूप में कई प्रतिभाओं को पहचाना और तराशा। उनमें डॉ. कपिला वात्स्यायन भी थीं। भारत के सामने 1947 के बाद अपनी सांस्कृतिक विरासत को उसका सही स्थान देने की चुनौती थी। उस दौर में मौलाना आजाद ने कपिला वात्स्यायन को अपने साथ जोड़ा। यह बात 1956 की है। मौलाना आजाद ने देश में संग्रहालयों को लेकर व्यापक नीति बनाने के लिए बैठक बुलाई। उसमें, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि ब्रिटिश काल के दौरान देश की बहुत सी बहुमूल्य धरोहरें देश से बाहर चली गईं। उन्हें वापस लाने के प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही नए संग्रहालयों के निर्माण पर फोकस रखना होगा। मौलाना आजाद के विभाग से जुड़े कई आला अफसर, जिनमें कपिला वात्स्यायन भी थीं, का 4 किंग एडवर्ड रोड में आना-जाना लगा रहता था। मौलाना आजाद देश के टूटने से बुरी तरह से हिल गए थे। मौलाना आजाद कहते थे कि अगर मुसलमानों के लिए अलग मुल्क बनाना सही है तो यहुदियों के लिए अलग मुल्क बनाना गलत कैसे है। इस संवाद को जब-जब मशहूर एक्टर टॉम आल्टर ने डॉ.एम. सईद आलम द्वारा लिखित और निर्देशित एकल नाटक मौलाना आजाद में बोला तो उन्हें दर्शकों की भरपूर तालियां मिलीं।

# श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

# राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित
प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची। साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोला- ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दिया- मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोला- महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहा- हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजा- मेरे पिताजी का, साधु- तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजा- मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहा- हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहां एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मिलावटी चीजों से सावधान रहें

आज बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो अपने थोड़े से फायदे के लिए खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं। लेकिन चंद सिक्कों की खातिर दूसरों की जान जोखिम में डालना मानवता के खिलाफ है। खाने-पीने की मिलावटी चीजें तो जहर समान होती है। स्वस्थ भारत के लिए खानपान की चीजों में मिलावट रोकना भी बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में मिलावट इस कारण नहीं रुक रही, क्योंकि एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है, दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाते। तीसरा कारण सरकारी तंत्र में फैला भ्रष्टाचार है। इसके कारण खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर नहीं होती।

*- प्रवीण शुक्ला, धमतरी*

## करंट अफेयर

### पाक के पंजाब में शेरशाह सूरी युग की सराय मिली

पाकिस्तान में पंजाब सरकार के पुरातत्व विभाग ने लाहौर से लगभग 220 किलोमीटर दूर हड़प्पा के खंडहरों के पास शेरशाह सूरी के युग की, 16वीं सदी की सराय (विश्राम स्थल) को खोजा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह सराय मुख्य शेर शाह सूरी मार्ग के दक्षिणी हिस्से पर स्थित है। यह शेर शाह सूरी (1540-1545) के समय डाक काफिलों के लिए विश्राम स्थल था। शेर शाह सूरी एक अफगान शासक थे जिन्होंने मुगल साम्राज्य को कुछ समय के लिए हटाकर सूर साम्राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने 1540 में मुगल बादशाह हुमायूं को हराकर अपने वंश का साम्राज्य स्थापित किया था



## ऑफ बीट

### एआई डॉक्टरों की तुलना में आगे निकलता दिख रहा

शतरंज, कला और चिकित्सकीय निदान में अपनी क्षमता साबित कर चुकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक अब चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों से आगे निकलती दिख रही है। मरीजों के लिए डॉक्टरों में पाया जाने वाला मानवीय गुण 'सहानुभूति' अब एआई में पाया जा रहा है। ब्रिटिश मेडिकल बुलेटिन में प्रकाशित हालिया समीक्षा में 15 अध्ययनों का विश्लेषण किया गया। इसमें एआई द्वारा लिखे गए जवाबों की तुलना स्वास्थ्य पेशेवरों के लिखित उत्तरों से की गई। शोधकर्ताओं ने दोनों प्रकार के उत्तरों का सहानुभूति के आधार पर मूल्यांकन किया। परिणाम चौंकाने वाले थे- 15 में से 13 अध्ययनों (करीब 87 प्रतिशत) में एआई के उत्तर अधिक सहानुभूतिपूर्ण पाए



## ट्रेंड

### कितनी नौकरियां दी

कभी राहुल गांधी, तो कभी तेजस्वी आते हैं और कहते हैं- हम हर घर में नौकरी देंगे। लेकिन अब तक तुमने कितनी नौकरियां दी? ये दोनों बेईमान हमें पटियाने आए हैं; ये समझते हैं कि जनता बुद्धू बन जाएगी।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री



### प्रत्येक वार्ड सुंदर बने

जनता का आशीर्वाद, जनता के प्रति स्नेह, जनता का सेवाभाव। यही हमारा काम है और इस काम को करते हुए दिल्ली में 12 सीटों पर हम चुनाव लड़ेंगे। हम चाहते हैं कि दिल्ली का प्रत्येक वार्ड सुंदर बने, बेहतर बने और वहां विकास कार्य हों।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### अवैध प्रवासी बढ़े

आंकड़े बताते हैं कि अवैध प्रवासियों और एक खास समुदाय की आबादी, संपत्ति और जमीन के स्वामित्व में तेजी से बढ़ोतरी हुई है - यह मूल असमियों पर अपना दबदबा बनाने की साफ़कोशिश है।
- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम



### महागठबंधन कुछ नहीं

महागठबंधन कुछ नहीं, एक-दूसरे की टांग खींचने और धोखेबाजी का खेल है। इसके तीन खिलाड़ी राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव हैं। इन तीनों की अपनी-अपनी ढपली, अपना-अपना राग है। गांधी जी किसी भी कीमत पर नहीं चाहते कि दोनों यादव मुख्यमंत्री बनें।
-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र



## संक्षेप

### धर्म परिवर्तन के दबाव का आरोप

**युवक पर केस दर्ज, कॉलेज आते-जाते छेड़छाड़ का भी आरोप, पीड़िता ने लगाएऔर भी गंभीर आरोप**

सुलतानपुर,एक युवक पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि युवक ने उसे जबरन मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया और उसका नाम भी बदल दिया। शहर के एक मोहल्ले की छात्रा ने कोतवाली नगर थाने में अशरफ जब्बीर पुत्र जब्बीर निवासी टेढुई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित छात्रा के अनुसार, अशरफ कॉलेज आते-जाते समय उसे अक्सर परेशान करता था और शादी का प्रस्ताव देता था। वह छात्रा पर मुस्लिम धर्म स्वीकार करने का दबाव बनाता था, यह कहते हुए कि ऐसा करने पर ही उसके परिवार वाले उसे स्वीकार करेंगे। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि 3 नवंबर को जब वह कॉलेज से घर लौट रही थी, तब महाराणा प्रताप गेट के पास अशरफ जब्बीर मिला। आरोपी उसे अपने साथ ले गया और कथित तौर पर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। अशरफ ने पीड़िता से कहा कि अब वह मुस्लिम बन गई है और उसका नाम रीना (काल्पनिक नाम) नहीं, बल्कि शबनम हो गया है।

### चालक को झपकी आने से बस गड्ढे में

**गुजरात से अंबेडकरनगर जा रही बस में यात्री नहीं थे**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सेमरी चौकी अंतर्गत बौरा जगदीशपुर माधवपुर प्राइमरी स्कूल के सामने एक बड़ा हादसा टल गया। गुजरात से अंबेडकरनगर जा रही एक ट्रैवल बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। गनीमत रही कि हादसे के वक्त बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस चालक ने सेमरी बाजार में सभी यात्रियों को उतार दिया था। अंबेडकरनगर की ओर जाते समय चालक को झपकी आ गई, जिससे उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। हादसे के बाद चालक और खलासी मौके से फरार हो गए।

### ग्राम करसा में काली माता का भंडारा

**हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद, भक्तिमय हुआ माहौल**

सुलतानपुर, जिले के जयसिंहपुर स्थित ग्राम करसा में काली माता के स्थान पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन श्रीमद् भागवत कथा के समापन के उपलक्ष्य में किया गया था। इस भंडारे का आयोजन दिलीप चतुर्वेदी, शिवनाथ सिंह, सोनू सिंह, अजीत सिंह और पिंटू सिंह उर्फ भाई सिंह सहित अन्य ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। इससे पूर्व, इसी स्थान पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी हुआ था। भंडारे के दौरान पूरा ग्राम करसा भक्तिमय माहौल में डूब गया।

# खेत में काम कर रहे किसान को तेंदुए ने हमला कर मार डाला

## कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज ककरहा क्षेत्र की घटना

### किसान की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में खेत में काम कर रहे एक किसान पर तेंदुए ने हमला कर मार डाला जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तेंदुए के हमले में किसान की हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है वहीं क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की गुहार लगाई है। वही वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर मुआइन किया है।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज ककरहा के मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के देवन पुरवा बेझा गांव निवासी भीखन (55 वर्ष) गुरुवार दोपहर लगभग 2 बजे खरबुजहा पुल के पास स्थित अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान गन्ने के खेत में घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उन पर हमला कर दिया और खेत के अंदर घसीट ले गया।

किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़े और शोर मचाते हुए उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक तेंदुए ने किसान को मौत के घाट उतार दिया था। ग्रामीणों ने किसी तरह शोर मचाकर तेंदुए को भगाया और घटना की सूचना वन विभाग तथा मुर्तिहा पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। सूचना के बाद भी लगभग 2 घंटे तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची जिससे ग्रामीणों में आक्रोश रहा।

घटना के बाद से गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र होकर वन विभाग से तेंदुए की तलाश और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग कर रहे हैं। वन क्षेत्राधिकार धर्मेंद्र कनौजिया ने बताया कि तेंदुए के हमले में ग्रामीण की मौत हुई है। मैं मौके पर हूं और जांच की जा रही है। लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है।

# पीएम श्री जीआईसी रमपुरवा के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज रमपुरवा के शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं को नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, फैजाबाद ले जाया गया। बच्चों ने वहां कृषि से संबंधित विभिन्न आयामों यथा डेरी उद्योग, मत्स्य पालन आदि के बारे में भी उपयोगी जानकारी प्राप्त की। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संजीव सिंह द्वारा बच्चों को कृषि व उनसे सम्बंधित अन्य व्यवसायों को उन्नत तरीके से कर अधिक उत्पादन प्राप्त करने की जानकारी दी। प्रोफेसर विनोद सिंह द्वारा कृषि विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों व रोजगार की दृष्टि से उनके महत्व की चर्चा की गई। छात्र छात्राओं ने सब्जी की खेती के फार्म हाउस देखे। विभिन्न प्रकार की फसलों का पाली हाउस के अंतर्गत उत्पादन की विधि को भी जाना। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अमित कुमार पांडेय, शिक्षक अजय सिंह,प्रवीन कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रियरंजन कुमार, अश्विनी कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# जीवन कौशल एवं पुस्तकालय के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में प्रयास

## बीआरसी कुंडासर में विजनिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।नालंदा संस्था पिछले 29 वर्षों से उत्तर प्रदेश में एक शैक्षिक संदर्भ केंद्र के रूप में सक्रिय है तथा बच्चों की गुणात्मक एवं समावेशी बुनियादी शिक्षा के सार्वजनीकरण के लिए निरंतर कार्यरत है। हाल ही में नालंदा द्वारा बहराइच जिले के पाँच ब्लॉकों रिसिया, चित्तौरा, फखरपुर, कैसरगंज एवं जरवल के उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं मदरसों में शिक्षा में तकनीकी समावेश, जीवन कौशल और पुस्तकालय गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हेतु एक नई परियोजना की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में फखरपुर, कैसरगंज एवं जरवल ब्लॉक के चयनित विद्यालयों के शिक्षकों एवं समुदाय के सदस्यों के साथ परियोजना के बारे में समझ बनाने हेतु एक विजनिंग कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र, कैसरगंज के सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में नालंदा के कार्यकारी निदेशक प्रभात झा, बोर्ड मेम्बर मोहम्मद आसिम सिद्दीकी, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर नवीन कुमार, संस्था के अन्य स्टाफ सदस्य तथा चयनित विद्यालयों में कार्यरत नालंदा के फैसिलिटेटर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सेवानिवृत्त शिक्षक इंद्रराज सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से की गई। तत्पश्चात उपस्थित शिक्षकों को बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नालंदा के निदेशक प्रभात झा ने सभी सदस्यों के परिचय के साथ, संस्था की पृष्ठभूमि एवं परियोजना के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षा में तकनीकी समावेश और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार पर बल दिया।कार्यशाला के दौरान शिक्षकों एवं समुदाय के सदस्यों ने परियोजना की सफलता हेतु अपने सुझाव एवं विचार साझा किए।अंत में सभी उपस्थित शिक्षकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मिहीपुरवा सीएचसी परिसर से मोटरसाइकिल उठा ले गए चोर

## सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के बाद भी हो रही चोरियां

अमन लेखनी समाचार




मोतीपुर, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा इन दिनों चर्चा में है। चाहे डॉक्टरों की लापरवाही को लेकर हो या फिर अन्य प्रकरण। ताजा मामले मे सीएचसी परिसर में खड़ी मोटरसाइकिल को चोर चुरा ले गए वहीं सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में पीआरडी होमगार्ड जवानों की तैनाती है लेकिन चोरियों की घटना लगातार हो रही। इससे पहले भी साइकिल व मोटरसाइकिल भी चोरी हो चुकी है साथ ही जेब काटने की भी कई घटना हो चुकी है। लेकिन यहां की सुरक्षा रामभरोसे ही है। अभी एक सप्ताह पहले परवानी गौढी निवासी एक युवक की साइकिल सीएचसी के बाहर खड़ी थी जिसे चोर ले उडे। वहीं गुरुवार को जब सुजौली निवासी वीर बहादुर पुत्र अजय कुमार अपनी गाड़ी हीरो स्प्लेंडर जिसका नंबर यूपी 40ई 2117 को सीएचसी के बाहर पेड़ के नीचे खड़ा कर डॉक्टर को अंदर दिखाने चले गये? वापस आकर देखा है तो उनकी मोटरसाइकिल गायब थी। उन्होने इधर-उधर देखा लोगों से जानकारी की किंतु उसका पता नहीं चल सका। आखिरकार थक हार कर उसने मोटरसाइकिल गायब होने की लिखित सूचना मिहींपुरवा चौकी प्रभारी को दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद पीआरडी के जवानों तथा सीएचसी में लगे सीसीटीवी कैमरा के होते हुए इस तरीके घटनाओं से मरीजों व उनके साथ आने वाले सहयोगी परिजनों को असुरक्षित होने का अहसास दिला रहे हैं।

# राणी सती दादी के 12 वें वार्षिकोत्सव पर मंगलपाठ का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा में दादी सखी सहेली परिवार द्वारा राणी सती दादी के वार्षिकोत्सव पर क्षेत्र की सैकडों महिलाओ द्वारा श्री रामजानकी मन्दिर से गाजे बाजे के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए रेलवे स्टेशन रोड स्थित धर्मशाला में पहुंची जहॉ पर महिलाओं द्वारा मंगलपाठ किया गया। मुंबई से पधारे मंगल पाठक वाचक सुदर्शन कुमार द्वारा मधुर वाणी द्वारा मंगल पाठ किया गया।इस अवसर पर राणी सती दादी की कथा का सजीव चित्रण रुपईडीहा की महिलाओं और बच्चों ने मिलकर प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भव्य दरबार देखकर दर्शक मोहित हो गये एक पल उन्हें लगा कि वह झुंझनु राजस्थान मन्दिर में ही हैं। उपस्थित सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दादी माँ के भक्तों ने सजीव चित्रण में चुनरी उत्सव, मायरा ( भात ) उत्सव, गजरा उत्सव देखकर मंत्रमुग्ध हो गये। अन्त में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों में पवन कुमार अग्रवाल, सुमित तुल्सयान, संजय



मित्तल,प्रीतम अग्रवाल, महिलाओं में पूनम अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, गरिमा मित्तल, अर्चना शर्मा आदि ने सफल आयोजन में महती भूमिका निभाई।

# कल्पीपारा फील्ड हास्टल में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उपाध्यक्ष सिचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कल्पीपारा कालोनी स्थित आफीसर्स फील्ड हॉस्टल में विगत दिवस सिंचाई बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष श्री सिंह द्वारा मोतीपुर कालोनी के जरजर आबासो को ध्वस्तीकरण करने एवं अवैध रूप से रह रहे लोगों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। रोमरी मरमरा ट्यूबवेल को विद्युत विभाग से सम्पर्क करके जल्द से जल्द ठीक कराने के निर्देश दिये गये। हरखापुर से चखरिया तक पूर्व में खड़न्जा लगा हुआ था जो वर्तमान में क्षतिग्रस्त हो गया है उक्त खड्न्जे के मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक के अन्त में उपाध्यक्ष श्री सिंह द्वारा समस्त नहरों को रबी फसली के संचालन के पूर्व नहर बन्दी अवधी में समस्त नहरों की सिल्ट सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सीओ ने कैसरगंज थाने का किया अर्धवर्षिक निरीक्षण



### साफ-सफाई के दिये दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर ने कोतवाली कैसरगंज का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी रजिस्टर का लेखा-जोखा बिल्कुल मेंटेन रहना चाहिए, किसी भी प्रकार की हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। काम में लापरवाही करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सीओ कैसरगंज ने माल खाने का निरीक्षण किया, आगंतुक रजिस्टर का लेखा-जोखा भी चेक किया। कोतवाली परिसर में साफ सफाई एवं फरियादियों के बैठने की उचित व्यवस्था के दिशा निर्देश दिए।

# चरदा सीएचसी में महिला नसबंदी शिविर आयोजित



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में गुरुवार को महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परिवार नियोजन के प्रति महिलाओं में जागरूकता देखी गई। आयोजित शिविर में कुल 11 महिलाओ ने पंजीकरण कराया। डॉक्टर मंतदेव निगम के नेतृत्व में सभी महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा अधीक्षक महेश विश्वकर्मा ने बताया कि नसबंदी कराने वाली मीरा देवी, फूलन देवी, किस्मत और उर्मिला आदि महिलाओं को सरकार की ओर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि चरदा में प्रति सप्ताह गुरुवार कों महिला नसबंदी शिविर आयोजित किया जाता है।इस मौके पर साऊथ अहमद खान फार्मासिस्ट, आशुतोष वर्मा, रुचि सिंह स्टाफ नर्स, राहुल कश्यप वार्ड बॉय, हरिराम आर्य स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

# जंगल में युवती का आधा शव मिला

## पैर में पायल; मौके पर 100-500 के मिले नोट, नहीं हुई पहचान

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, कुड़वार थाना क्षेत्र में एक अज्ञात युवती का अधखाया शव मिला। लोनीखार गांव स्थित प्रतापपुर रोड के किनारे जंगल में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। एक राहगीर ने दुर्गंध आने पर ग्रामीणों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मौके पर युवती का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया। शरीर का ऊपरी हिस्सा जानवरों द्वारा नोचा गया था, जबकि निचला हिस्सा मौजूद था। युवती ने काला सूट और काला पैंट पहना हुआ था और उसके पैर में पायल थी। पुलिस ने कपड़ों और अन्य सामान को अपने कब्जे में ले लिया है। घटनास्थल से 100 रुपये और 500 रुपए के एक-एक नोट भी बरामद हुए हैं। इन नोटों की मौजूदगी ने मामले को और रहस्यमय बना दिया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि नोटों का शव के पास मिलना महज एक संयोग है या यह किसी घटनाक्रम की ओर इशारा करता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह इलाका काफी सुनसान रहता है और देर शाम के बाद यहां लोगों की आवाजाही लगभग बंद हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से रास्ते से गुजरने पर बदबू महसूस हो रही थी, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया था। कुड़वार थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि युवती की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए आसपास के थानों और जिले की गुमशुदगी रिपोर्टों से मिलान किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से आवश्यक नमूने एकत्र किए हैं

# सड़क हादसे में एक की मौत

## अयोध्या-जगदीशपुर हाईवे पर वाहन ने टक्कर मारी, दूसरा युवक गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, हलियापुर थाना क्षेत्र में अयोध्या-जगदीशपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (330ए) एक सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। अयोध्या जनपद के घाटमपुर निवासी जग प्रसाद (45) और इनायतनगर थाना क्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर निवासी नन्हू उर्फ साहब दीन बुलेट बाइक से कुमारगंज से जगदीशपुर की ओर जा रहे थे। हलियापुर कस्बे के आगे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही हलियापुर पुलिस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस 108 के कर्मी दिवाकर सिंह की मदद से घायलों को तत्काल अयोध्या के सौ शैय्या पिठला कुमारगंज अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने हिसामुद्दीनपुर निवासी नन्हू उर्फ साहब दीन को मृत घोषित कर दिया। दूसरे बाइक सवार जग प्रसाद को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते अयोध्या ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण पटेल ने बताया कि मृतक के शव को कुमारगंज पुलिस को सौंप दिया गया है।

# आइजीआरएस निस्तारण में अमेठी प्रदेश में दूसरे स्थान पर

## मंडल में प्रथम, डीएम संजय चौहान के प्रयासों से मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, जिले को आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश में दूसरा और अयोध्या मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह सफलता जिलाधिकारी संजय चौहान के मार्गदर्शन में हासिल हुई है। जिलाधिकारी संजय चौहान आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कड़े निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी की सतत निगरानी और प्रयासों से जनपद को यह उपलब्धि मिली है। जनसुनवाई के दौरान भी जिलाधिकारी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हैं और उनके तत्काल निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हैं। अक्टूबर 2025 में आइजीआरएस पोर्टल पर कुल 5916 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) और आइजीआरएस के नोडल अधिकारी अर्पित गुप्ता भी आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित निगरानी करते हैं।

## संक्षेप

### हिंदू राष्ट्र सेवा संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**पीएम मोदी से देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग**

मेरठ, हिंदू राष्ट्र सेवा संघ ने जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में देश को हिंदू राष्ट्र और गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने की मांग की गई है। संघ ने हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों, गौ माता की हत्याओं और उन पर हो रहे अत्याचारों को रोकने की अपील की है। इसके साथ ही, बढ़ती जनसंख्या, धर्म परिवर्तन की घटनाओं को रोकने और हिंदू बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का मुद्दा भी उठाया गया है। ज्ञापन में देश में हिंदुओं की यात्राओं पर पत्थरबाजी और रोटियों पर थूकने जैसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग भी शामिल है। संघ का कहना है कि इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए। हिंदू राष्ट्र सेवा संघ ने बागेश्वर धाम सरकार के धीरेंद्र शास्त्री द्वारा हिंदू राष्ट्र बनाने की पहल का स्वागत किया और अपना पूर्ण समर्थन दोहराया। संघ ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए और गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिया जाए। यह कदम गौ माता की हत्याओं पर रोक लगाने, देश की बेटियों को सुरक्षित और अपराध मुक्त जीवन देने तथा देश में बढ़ती अपराधों की संख्या को कम करने के लिए महत्वपूर्ण बताया गया है। इस दौरान दीपक, दिनेश लोहरे, भगवान सिंह, किशोर, मगन शर्मा समेत अंकित सैनी मौजूद रहें।

### छात्र बोले- लापरवाह है सुरक्षा व्यवस्था

**छात्र नेताओं ने सौंपा ज्ञापन, कहा- कार्रवाई नहीं तो 7 दिन बाद अनिश्चितकालीन धरना शुरू**

मेरठ, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में छात्रों ने आज 39 सूत्रीय मांगों को लेकर कुलपति के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। जिसे कुलपति के मौजूद न होने पर कुलसचिव अनिल कुमार यादव, चीफ प्रॉक्टर वीरपाल और प्रदीप चौधरी ने लिया और छात्रों को जल्द उनकी मांगों के समाधान का आश्वासन दिया। छात्रों ने कहा कि उनकी सभी मांगें छात्र हित और विश्वविद्यालय की पारदर्शिता से जुड़ी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन एक सप्ताह के भीतर कोई ठोस निर्णय नहीं लेता, तो वे विश्वविद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। एडवोकेट आदेश प्रधान ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ज्ञापन सौंपे जाने के तीन घंटे बाद भी कुलपति अपने कार्यालय में मौजूद नहीं रहीं। यह इस बात का संकेत है कि प्रशासन छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा। कुलपति को चाहिए कि वे छात्रों से संवाद स्थापित करें। यदि हमारी मांगों की अनदेखी हुई, तो हम शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। प्रशासन को तुरंत सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ानी चाहिए और वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाना चाहिए। छात्र नेता अनुज भड़ाना ने कहा कि हमारी 39 सूत्रीय मांगों में हर बिंदू छात्र जीवन की वास्तविक समस्याओं से जुड़ा है।

# बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने की अनूठी जनस्वास्थ्य पहल

## सीएमओ ने किया डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम का शुभारम्भ

**पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार




सीतापुर, 14 नवम्बर। शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने को लेकर जनपद में एक अनूठी जनस्वास्थ्य पहल की गयी है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम का गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की कुल मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया भी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस पर नियन्त्रण के लिए स्टॉप डायरिया कैम्पेन (डायरिया रोको अभियान) चलाया जा रहा है, जिसे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम से और बल मिलेगा। इसके तहत समुदाय में जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि दस्त प्रबन्धन को पूरी तरह प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि डायरिया से डरने की जरूरत उस स्थिति में नहीं है जब हम पूरी तत्परता के साथ उसके रोकथाम और बचाव के उपायों को तत्काल अपना लेते हैं। दूसरी ओर डायरिया से डरना इसलिए जरूरी है कि यदि तत्काल जरूरी उपाय न किये गए तो वह गंभीर रूप भी ले सकती है। उन्होंने अपना अनुभव भी डायरिया के बारे में साझा किया कि किस तरह उनका पुत्र भी एक बार डायरिया की गिरफ्त में आ गया था और गंभीर स्थिति से किस तरह से उसको बचाया जा सका था। उन्होंने चिकित्सकों और सहयोगी संस्थाओं से अपील की कि डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में दिल लगाकर कार्य करें। डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए पीएसआई-इंडिया के स्टेट हेड अमित कुमार और सीनियर मैनेजर प्रोग्राम अनिल द्विवेदी ने बताया कि आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम और महिला आरोग्य समितियों के सदस्यों को डायरिया के प्रमुख बिदुओं के बारे में प्रशिक्षित करने के साथ ही ओआरएस की महत्ता, शीघ्र स्तनपान और छह माह तक सिर्फ स्तनपान के फायदे के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। हाथ धुलने की सही विधि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। दीवार लेखन के माध्यम से जन-जन तक डायरिया से बचाव के प्रमुख सन्देश पहुंचाए जायेंगे। डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम से बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) और शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों को भी जोड़ा जाएगा। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों और अस्पतालों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जायेगा। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आर.सी.एच.) डॉ. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि डायरिया की शुरूआत में ही पहचान कर ओआरएस का घोल दिया जाए तो गंभीर स्थिति तक पहुँचने से बच्चे को बचाया जा सकता है। 24 घंटे में यदि तीन बार पतली दस्त आ रही है तो यह डायरिया के लक्षण हो सकते हैं और यह लम्बे समय तक बनी रहे तो यह गंभीर डायरिया का रूप ले सकती है। निजी क्षेत्र में अब लिक्विड के रूप में निर्मित ओआरएस का घोल उपलब्ध है। उन्होंने रोटा वायरस वैक्सीन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले ऐसे गाँवों को जरूर चिन्हित करें जहाँ पर डायरिया के केस अधिक हैं और वहां पर विभाग के साथ ही सहयोगी संस्थाएं मिलकर उसके रोकथाम के लिए कार्य करें। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज शेखर ने हाथों की स्वच्छता, घर व आस-पास साफ-सफाई और स्तनपान के फायदे के बारे में बताया और कहा कि हम सभी यह ठानकर कार्य करें कि डायरिया से किसी भी बच्चे की मौत न होने पाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. पीयूष ने डायरिया की स्थिति में ओआरएस और जिंक देने की मात्रा के बारे में भी लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। यूनिसेफ के डॉ. सुबोध ने ओआरएस और जिंक का कवरेज बढाने के लिए मानिटरिंग पर जोर देने के साथ ही इसमें पूरा सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा और सूचना अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा ने स्वास्थ्य इकाइयों के साथ ही डायरिया के लिहाज से अधिक संवेदनशील गाँवों में भी ओआरएस और जिंक कार्नर बनाने की बात कही। सीतापुर में इस पहल के शुभारंभ पर केनव्यू के सेल्फ केयर बिजनेस यूनिट हेड, प्रशांत शिंदे ने कहा कि सरकार के डायरिया रोको अभियान को मजबूती देने के उद्देश्य से 'डायरिया से डर नहीं' की एक बहुवर्षीय पहल की गई है। इस पहल का उद्देश्य पांच साल से कम उम्र के कमजोर बच्चों को एकीकृत दस्त प्रबंधन कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षित बनाना है। इसमें ओआरएस के कवरेज के विस्तार पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. विकास मिश्रा, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वयक शिवाकांत, डीसीपीएम रिजवान मलिक, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी राज कुमार, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की जिला समन्वयक सीता मिश्रा, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से नगरीय बाल विकास परियोजना अधिकारी आशुतोष वाजपेयी, पीएसआई इण्डिया से कमलेश कुमार, अश्विनी आदि उपस्थित रहे।

## जन्म लाभ:पर :पुंसामन्ते नारायणस्मृतिः --व्यास वाणी

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत बम्थरा गांव में चल रही सप्त दिवसीय ज्ञान यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा गया भोज महोत्सव अंतर्गत कथा व्यास आचार्य राघव जी महाराज ने भक्तों को जीवन के परम सत्य का मार्ग दिखाते हुए भगवान का स्मरण सबसे उत्तम उपाय बताया नित्य प्रति की भांति मंच पर विराजमान तीर्थराज प्रयाग से पधारे कथा व्यास ने संगीतमय कथा प्रारंभ की जहां कथा व्यास के मुखारविंदु से भक्तों ने परीक्षित जन्म सुकदेव प्रादुर्भाव तथा भगवान के सभी 26 अवतारों का वर्णन विस्तृत रूप से श्रवण किया कथा व्यास ने मंच के माध्यम से कपिलोपाख्यान का भी विस्तृत वर्णन किया कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने भक्तों को बताया कि परीक्षित की पितामही माता कुंती से भगवान कृष्ण ने प्रसन्न होकर कुछ मांगने को कहा तो कुंती ने कहा हे केशव मुझे संसार में जितना ज्यादा से ज्यादा हो वह दुख दे दो जहां भगवान श्री कृष्ण ने बुआ कुंती से पूछा ऐसा क्यों तो उन्होंने बताया कि हे माधव यदि मुझे सभी सुख प्राप्त होंगे तो मुझे आपकी अर्थात ईश्वर की याद नहीं आएगी क्योंकि मनुष्य हर समय दुख के समय ही ईश्वर का ध्यान करता है इसलिए जब दुख हमारे पास होंगे तो ईश्वर का चिंतन निरंतर बना रहेगा और आप सदैव मेरे पास रहेंगे भावपूर्ण प्रसंग सुनकर भक्तों का हृदय गदगद हो उठा वही शाम समय आचार्य आकाश मिश्रा तथा पंडित निखिल मिश्रा द्वारा वेद मंत्रों के साथ प्रमुख परीक्षित पुष्पा मिश्रा एवं पूर्व विधायक लवकुश कुमार मिश्रा समेत सभी श्रद्धालु भक्त गणों ने महा आरती संपन्न की इस मौके पर सभी ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्र से आने वाले भारी संख्या में श्रोतागण भक्त मौजूद रहे

## निवासी ने पड़ोसी पर लगाए गंभीर आरोप

**झूठे केस और जान से मारने की धमकी की शिकायत, एसपी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बड़का गांव निवासी राममोहन नामक युवक ने अपने पड़ोसी परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोसी नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों का व्यापार करते हैं। राममोहन ने पड़ोसी परिवार पर झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता राममोहन के अनुसार, उनके पड़ोसी अवैध रूप से सुल्फा और गांजा जैसे नशीले पदार्थों के साथ-साथ हथियारों का भी कारोबार करते हैं। राममोहन ने बताया कि रात के समय नशा खरीदने आने वाले लोग अक्सर गलती से उनके घर का दरवाजा खटखटाते हैं, जिससे उनके परिवार में असुरक्षा का माहौल बना रहता है। राममोहन ने आरोप लगाया कि जब वह इन अवैध गतिविधियों का विरोध करते हैं, तो पड़ोसी युवक के बेटे और बेटी उनके परिवार के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। पीड़ित ने बताया कि सीन ने उसे अवैध हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी है,। राममोहन ने यह भी बताया कि पहले भी इन लोगों द्वारा मारपीट की घटना हो चुकी है, जिसकी शिकायत एसपी कार्यालय में की गई थी। उस समय समाज के कुछ प्रतिष्ठित लोगों ने हस्तक्षेप कर समझौता करा दिया था। हालांकि, अब वही लोग उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की नीयत से फिर से धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित ने द्वारा लगाए गए मोबाइल फोन से संबंधित आरोपों को भी खारिज किया। राममोहन के अनुसार, जिस मोबाइल फोन की बात कर रही है, वह काफी समय पहले ही गुम हो चुका है, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है। पीड़ित युवक ने पुलिस प्रशासन से पड़ोसी युवक और उसके परिवार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है ताकि उनका परिवार सुरक्षित रह सके। बागपत एसपी सूरज कुमार राय ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## दिल्ली धमाके के बाद मेरठ मेट्रो की पार्किंग बंद

**यात्रियों ने किया हंगामा, सुबह फिर खोलनी पड़ी पार्किंग**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन पर एहतियातन पार्किंग सेवा को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। पार्किंग बंद होते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों को अपने वाहनों को बाहर सड़क पर खड़ा करना पड़ा। इससे स्टेशन परिसर के बाहर लंबा जाम लग गया और यात्रियों में आक्रोश देखने को मिला। धमाके के बाद मेरठ आरआरटीएस स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए। सुरक्षा कर्मियों ने किसी भी बाहरी वाहन को पार्किंग में प्रवेश नहीं करने दिया। उनका साफ कहना यह कहना रहा कि अधिकारियों ने निर्देश है कि सुरक्षा के कारण यह निर्णय लिया गया। पार्किंग बंद होने के बाद जब यात्रियों ने वहां हंगामा शुरू किया तो फिर लगभग 8.30 बजे फिर से व्यवस्था शुरू की गई। यात्रियों का कहना है कि बढ़ी संख्या में लोग यहां वाहन खड़े करने के बाद ऑफिस जाते हैं। यहां पार्किंग न होने के कारण पार्किंग पूरी दिनचर्या प्रभावित हुई है। ब्लास्ट होने के बाद मेरठ में हाई अलर्ट घोषित कर दिया था, इसके तहत ही पुलिसकर्मियों द्वारा चेकिंग व्यवस्था बढ़ाई गई। इन्हीं का निरीक्षण करने एडीजी भानू भास्कर भी सड़कों पर पहुंचे और रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, और अन्य स्थानों का निरीक्षण किया गया।

## दरोगा पर मारपीट का आरोप

**भीम आर्मी नेता शिव कुमार चावला ने की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, पुराना बस अड्डा चौकी में एक दरोगा पर नशे की हालत में भीम आर्मी नेता शिव कुमार चावला और उनके साथियों से मारपीट का आरोप लगा है। यह घटना बीती रात हुई। भीम आर्मी कार्यकताओं का आरोप है कि दरोगा ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट के बाद उन्हें चौकी में बंद कर दिया यह मामला कुछ दिन पहले हुई छेड़छाड़ की एक घटना से जुड़ा है। भीम आर्मी नेताओं का आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद कुछ पुलिसकर्मियों ने रिश्वत लेकर आरोपियों को जमानत दे दी। साथ ही, चौकी में तैनात दरोगा पर पीड़ित पक्ष से दुर्व्यवहार करने और मामले को दबाने का भी आरोप है। इसी मामले की जानकारी लेने के लिए शिव कुमार चावला अपने साथियों के साथ पुराना बस अड्डा चौकी पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान नशे में धुत दरोगा ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की, जिसके बाद उन्हें चौकी में बंद कर दिया गया।

इस घटना के बाद भीम आर्मी कार्यकताओं ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने मांग की है कि नशे में धुत दरोगा और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। सिहानी गेट थाना एस.एच.ओ सचिन बलियान ने इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है। एस.एच.ओ ने कहा कि आरोपी दरोगा का मेडिकल टेस्ट कराया गया है ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने निष्पक्ष जांच और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## आईटीसी अप्लाई कर 1000 करोड़ का राजस्व नुकसान

**पांच साल में 86 फर्म बनाकर 350 करोड़ बिल बनाए, बिना मॉल डिलिवरी किए लाभ लिया**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, कहीं आपके पैन और आधार कार्ड से देश के किसी कोने में कंपनी तो नहीं चलाई जा रही। नोएडा के जालसाजों ने ऐसा ही किया। शुरूआती दौर में 86 फर्जी फर्म बनाकर 51 करोड़ का घोटाला किया। जांच में आया कि यहां सिर्फ दो लोग नहीं बल्कि एक पूरा गिरोह इसमें लिप्त है। जिन्होंने फर्जी फर्म बनाकर 1000 करोड़ का घोटाला किया। बिना माल डिलीवरी किए, फर्जी बिलों की मदद से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेकर ये हेराफेरी की गई। इस मामले में बिसरख पुलिस ने दो लोगों प्रवीन कुमार और सतेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया। दरअसल बैंक ऑफ इंडिया नोएडा और गाजियाबाद में कुछ करंट अकाउंट खोले गए। जिनकी ट्रांजैक्शन गड़बड़ी मिली। शिकायत मिलते ही पैन कार्ड का डेटा निकाला। एक मोबाइल नंबर पर रजिस्टर किया गया था। सामने आया कि इसी मोबाइल नंबर पर कई कंपनियां रजिस्टर्ड की गई हैं। इसमें छह खाते सामने आए। इन सभी फर्म के खाते प्रवीन और सतेंद्र की फोटो थी। जबकि केवाईसी अलग-अलग दस्तावेजों से थी। जिसमें पैन, आधार, रेंट एग्रीमेंट है। इसके बाद पुलिस कंपनी एड्रेस पर टीमें पहुंची। तो वहां कोई कंपनी चलती हुई नहीं मिली। छानबीन में पुलिस ने शुरूआत में छह फर्म मिली। 6 फर्मों को खुलवाने के लिए ओटीपी के लिए नौ अलग-अलग मोबाइल नंबरों का प्रयोग किया गया है। इन 09 मोबाइल नंबरों की सर्विलांस की मदद से विश्लेषण किया गया तो यह 09 मोबाइल नंबर 18 आईएमईआई मोबाइल पर प्रयोग किए गए। इन आईएमईआई नंबरों पर कुल 87 मोबाइल नंबर प्रयोग किए गये हैं। इन 87 मोबाइल नंबरों का प्रयोग कर 86 विभिन्न फर्मों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। कुल 51 करोड के लगभग (जीएसटी) दावा किया गया। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया -ये लोग टीम बनाकर काम करते थे।

पहली टीम फर्जी तरीके से कंपनी बनाती थी। फिर इस कंपनी के नाम पर फर्जी करंट अकाउंट खुलवाया जाता था। फर्जी बिल के जरिए इनपुट टैक्स क्रेडिट के तहत रिटर्न के लिए अप्लाई करते थे। जीएसटी डिपार्टमेंट कंपनी और उसके टर्नओवर को असली मानते हुए रिफंड का पेमेंट करता रहा। इस तरह से 5 सालों में 51 करोड़ हेराफेरी कर डाली जबकि 350 करोड़ के बिल जनरेट किए गए।₹ छानबीन में डीसीपी ने बताया कि ये मामला करीब 1000 करोड़ के आसपास हो सकता है।

## साईं नेशनल तीरंदाजी के लिए टीम का चयन

**मेरठ के गुरुकुल प्रभात आश्रम में हुई चयन प्रतियोगिता**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन मेरठ के गुरुकुल प्रभात आश्रम धनुर्विद्या संस्थान में किया गया। यह चयन प्रतियोगिता साई की लखनऊ रीजनल शाखा द्वारा आयोजित की गई थी। इस अवसर पर गुरुकुल प्रभात आश्रम धनुर्विद्या संस्थान के कुलाधिपति स्वामी विवेकानंद जी महाराज ने खिलाड़ियों और साई प्रशिक्षक विकास शास्त्री को शुभकामनाएं दीं। चयन प्रतियोगिता में साई लखनऊ रीजनल की गुरुकुल प्रभात आश्रम धनुर्विद्या संस्थान, मेरठ शाखा के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन तीन इवेंट्स– रिकर्व, कंपाउंड और इंडियन राउंड– में किया गया था, जिसमें सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। संस्थान के प्रशिक्षक विकास शास्त्री ने बताया कि मंगलवार को हुए ट्रायल के बाद चयनित खिलाड़ियों को खेल किट वितरित की गई। उन्होंने आगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा भी की। रिकर्व इवेंट के सीनियर वर्ग में नचिकेता, जय कुमार और ओम तिवारी का चयन हुआ है। जूनियर वर्ग में विशु, अरविंद और मानवेंद्र को चुना गया

## नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम

**जीएनआईओटी ने जुनेदपुर गांव के स्कूल में किया आयोजन**

अमन लेखनी समाचार




ग्रेटर नोएडा, जुनेदपुर गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल में ग्रेटर नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (जीएनआईओटी) ने 'नशा मुक्त समाज स्वस्थ भविष्य की ओर' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। करप्शन फ्री इंडिया के प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. दिव्या चौधरी और डॉ. सोनाली श्रीवास्तव ने बताया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को खोखला कर देता है। उन्होंने युवाओं से अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और संकल्प को अपनाने तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया। डॉ. दिव्या चौधरी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण और कविता पाठ के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और सभी उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि मास्टर दिनेश नागर ने ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ये समाज में जागरूकता फैलाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जीएनआईओटी कॉलेज भविष्य में भी ऐसे सामाजिक विषयों पर जनहितकारी पहल करता रहेगा, जिससे लोग नशे के दुष्प्रभावों से वाकिफ हो सकें। इस अवसर पर डॉ. दिव्या चौधरी, डॉ. सोनाली श्रीवास्तव, मास्टर दिनेश नागर, शैलेंद्र भाटी, प्रमोद कुमार, अंकुर लोहिया, करनदीप, रौनक, सृष्टि, साहिला, संचिका, कविता, उर्मिला नागर, सुदेश, मुनेश, सावित्री, राजवती, ब्रह्म सिंह और जतन सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गांजा सप्लाई करने वाले 5 गिरफ्तार

**1 लाख रुपए का 11 किलो गांजा बरामद, पश्चिम बंगाल से लाते है, 38 हजार बरामद**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, थाना फेस 2 पुलिस ने अवैध गांजे की तस्करी करने वाले 05 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 11 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। इसकी कीमत करीब एक लाख रुपए है। इनके पास से 38 हजार रुपए कैश बरामद किए गए। एडीसीपी ने बताया कि फेस 2 नोएडा पुलिस गश्त व चैकिंग कर रही थी। इस दौरान भूड़ा तिराहा सेक्टर 81 के पास से पांचों को गिरफ्तार किया गया। इनके नाम संतोष गुप्ता, शौकीन, सोनू, अफसर और मोहम्मद इरफान है। ये लोग पश्चिम बंगाल से सस्ते दामों में खरीदकर चोरी छिपे गांजा लेकर यहां लाते है। एनसीआर क्षेत्र में घूम फिरकर नशा करने वाले लोगों को गांजा महंगे दामों पर बेचते है। ये लोग अपने पिठ्ठू बैग में कपड़ों में छिपाकर गांजा रखते है। ताकि पकड़े न जाए। पेशे से सभी ऑटो चलाते है। साथ ही गांजा भी बेचते है। ये लोग पश्चिम बंगाल से ट्रेन और अन्य माध्यम ये गांजा लेकर यहां आते है। छोटे स्टेशन जहां चेकिंग नहीं होती वहां उतरकर फिर सड़क के जरिए एनसीआर में प्रवेश करते है। पकड़े न जाए इसलिए हमेशा वाट्सऐप कॉल पर बात करते है। ये लोग पहले भी गांजा सप्लाई कर चुके है। इनके टारगेट स्कूल, कॉलेज और पीजी व अन्य लोग शामिल है। ये लोगो को ऑन डिमांड गांजा की सप्लाई करते है। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। इनके और साथियों और पश्चिम बंगाल मेन तस्कर की जानकारी की जा रही है। ताकि नशे के कारोबार पर लगाम लगाई जा सके।



## तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफ Style

# नोरा

## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही अपने बेहतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।



हॉलीवुड मसाला



## कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

लॉस एंजिल्स। जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



## वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तामाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



## एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



## प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियदर्शन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



## आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

### इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।



इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

## सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज हुआ नाम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉड्र्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।



### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

## ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी

*नई दिल्ली। अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। हीरो की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।